हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 13 जून 2024



REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

# कोदो, कुटकी और सोयाबीन का संकट, सिर्फ धान का बीज उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरीफ फसल के तहत धान के अलावा कोदो, कुटकी, रागी एवं दलहन, तिलहन की फसल को बढ़ावा देने के सारे दावे खोखले साबित हो रहे हैं। जिले के सोसायटियों एवं निजी दुकानों में कोदो, कुटकी, रागी सहित दलहन, तिलहन के बीज का संकट गहराया हुआ है। आगामी खरीफ फसल के लिए बीज नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मांग की तुलना में बीजों की कमी है। अब ऐसे हालात में किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है और वे चिर-परिचितों से बीज के जुगाड़ करने में जुट गए हैं।

कृषि विभाग हर साल धान के रकबे को घटाकर किसानों को कोदो, कुटकी, रागी एवं दलहन, तिलहन की फसल लेने प्रोत्साहित करता है। इसके लिए बकायदा कार्ययोजना भी बनाई जाती है, लेकिन इस साल आगामी खरीफ फसल के तहत बीज का संकट गहराया हुआ है। जिले के सोसायटियों और निजी दुकानों में सिर्फ धान और हाइब्रिड धान के बीज उपलब्ध हैं और कोदो, कुटकी, रागी एवं दलहन, तिलहन के बीज नहीं है। कृषि विभाग के अनुसार आगामी खरीफ फसल 2024 के तहत धान बीज की मांग 39280 क्विंटल की तुलना में 3320 क्विंटल बीज की कमी है। मक्का 1000 क्विंटल, कोदो 55 क्विंटल, कुटकी 5, रागी 200 क्विंटल बीज की मांग की तुलना में निजी क्षेत्र व सोसायटियों में कहीं पर बीज नहीं है। इसी तरह दलहन के तहत अरहर 810 क्विंटल, उड़द 255, मूंग 105, कुल्थी 2 क्विंटल, इस तरह दलहन बीज की कुल मांग 1172 क्विंटल के अनुरूप 1152 क्विंटल बीज की कमी जिले में है।

## ऐसे में दलहन, तिलहन की फसल को कैसे मिलेगा बढ़ावा

### सोयाबीन बीज का भी संकट

मानसून दस्तक देने दहलीज पर खड़ा है। इस बीच किसानों को अब बीज का संकट सताने लगा है। इसके लिए प्रभावशाली व बड़े किसान तो नाते-रिश्तेदारों के यहां संपर्क कर बीज का जुगाड़ लगा रहे हैं, लेकिन छोटे किसानों के सामने महंगा बीज समय पर मिलने की चिंता सताने लगी है। वहीं कृषि विभाग के पास भी बीज उपलब्ध नहीं होने से छोटे तबके के किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



### किसान दर-दर भटकने मजबूर

आगामी दिनों में मानसून की दस्तक के बाद किसान खेती-किसानी में जुट जाएंगे। उससे पहले जिले के किसानों को बीज संकट से जूझना पड़ रहा है। किसान बीज के लिए निजी दुकानों एवं सोसायटियों का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें वहां से निराश होकर लौटना पड़ रहा है। ऐसे हालात के बीच किसानों को अब अमानक बीज का खतरा मंडराने लगा है। किसानों ने प्रशासन से समय पर सोसायटियों में बीज उपलब्ध कराने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### सांसद संतोष की आभार यात्रा आज से

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद संतोष पांडेय जिले की आभार यात्रा में आ रहे हैं। वे कल 13 जून को दिल्ली से लौटकर जिले के तीन मंडलों में जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों का आभार व्यक्त करेंगे। भाजपा सेल के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि सांसद श्री पांडेय गुरुवार को दिल्ली से लौटने के बाद दोपहर 12 बजे छुरिया पहुंचेंगे, जहां भाजपा मंडल के कार्यकर्ता व नागरिकों का आभार व्यक्त करने के पश्चात दोपहर 2 बजे लाल बहादुर नगर मंडल पहुंचेंगे। यहां भी आभार व्यक्त करके वे शाम 4 बजे डोंगरगढ़ पहुंचकर पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर नागरिकों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करेंगे।

## माए एंगल




### लोकसभा परिणाम के बाद पहुंचे पूर्व सीएम, कहा: जो बीत गई सो बात गई

# पूर्व सीएम ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार राजनांदगांव में हार पर नेताओं की ली क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

*"राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे पूर्व सीएम भूपेश बघेल चुनाव परिणाम के बाद पहली दफा बुधवार को राजनांदगांव पहुंचे। अपनी हार के बाद आभार प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे पूर्व सीएम ने कार्यकर्ताओ का धन्यवाद किया। उनके चुनाव में परिश्रम करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताने के बाद उन्होंने जिम्मेदार नेताओं की जमकर क्लास भी ली।*

राजनांदगांव विस में करीबन 57 हजार मतों से भाजपा को लीड मिली है। ऐसे में उन्होंने ग्रामीण से लेकर शहर में राजनीति करने वाले नेताओं से उनके बूथों का हाल भी पूछा। इसके साथ ही पूर्व सीएम ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को कहा कि चुनाव आते-जाते रहेंगे, दुखी होने की जरूरत नहीं है, जो बीत गई सो बात गई। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में अजीत पवार, शिंदे और संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा आवाज उठाई जा रही है, इससे स्पष्ट है कि यह सरकार स्थिर सरकार नहीं है। पहले जैसे डराने धमकाने की कोशिश करेंगे तो इन्हें लेने के देने पड़ जाएंगे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी रहे भूपेश बघेल राजनांदगांव लोकसभा सीट पर शिकस्त मिलने के बाद भी यहां के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त करने के लिए प्रत्येक विधानसभा में विधानसभा स्तरीय आभार बैठक का आयोजन कर रहे हैं। इसी तारतम्य में भूपेश बघेल आज राजनांदगांव विधानसभा पहुंचे, यहां उन्होंने एक निजी होटल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए आभार बैठक का आयोजन किया। इस आभार बैठक को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि हमने कई प्रदेशों में अच्छा प्रदर्शन किया है। छत्तीसगढ़ में थोडा और मेहनत करते तो कम अंतर से हारे कई सीट जीत सकते थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि मैं समीक्षा करने नहीं आया हूं, धन्यवाद ज्ञापित करने आया हूं।

### अब आप लोग करो चुनाव की तैयारी

बैठक में पूर्व सीएम श्री बघेल ने यह भी कहा कि वे तो चुनाव हार गए हैं, लेकिन अब राजनांदगांव के नेताओं को नगर निगम और पंचायत चुनाव की जंग जीतने के लिए अभी से मेहनत करने की जरूरत है। उन्होनें यह भी कहा कि नांदगांव में हर चुनाव में कांग्रेस की खाई बढ़ती जा रही है, यह भी चिंताजनक बात है।



### जिला अध्यक्ष के गांव में हार

कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष भागवत साहू मूलतः टेडेसरा के निवासी हैं। उनके गांव में कुल चार बूथ हैं, इन चारों बूथ में कांग्रेस भाजपा से पीछे रही है। करीबन सवा आठ सौ मतों से कांग्रेस को टेडेसरा में हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे ही शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के वार्ड में भी कांग्रेस को भाजपा से लगभग चार सौ कम मत मिले। ऐसे ही अन्य जिम्मेदार नेताओं के वार्डों या फिर बूथ में भी कांग्रेस को हार मिली है। जिससे पूर्व सीएम खफा नजर आए।

### नए हाथों में सौंपी जाए जिम्मेदारी

आभार व्यक्त करने आए पूर्व सीएम ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि अब जरूरत आ गई है कि संगठन की बागडोर नए हाथों में दी जाए। नई उर्जा के साथ ही आने वाले चुनाव में उतरना है। उन्होंने कहा कि वे भले ही लोस का चुनाव हार गए हो, लेकिन निकाय और पंचायत चुनाव में आप सभी को मेहनत करनी है और पार्टी को जीताना है। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी वे राजनांदगांव जिले आते रहेंगे और यहां के लोगों की आवाज उठाते रहेंगे।

### शहर में 40 हजार मतों से हार, महापौर के इलाके में गड्ढा बढ़ा

राजनांदगांव विस में करीबन 57 हजार मतों से कांग्रेस पीछे रही है। इनमें 40 हजार की लीड भाजपा को सिर्फ राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र से मिली है। ऐसे में पूर्व सीएम शहर सरकार से जुड़े नेताओं के प्रदर्शन से भी नाराज दिखे। नेताओं से उनके बूथों का हाल भी उन्होंने पूछा। ज्ञात हो महपौर हेमा देशमुख जिस चिखली क्षेत्र से आती हैं, वहां के छह बूथों में कांग्रेस भाजपा से लगभग तीन हजार मतों से पिछड़ गई। अधिकांश एमआईसी मेंबर के वार्डों में भी कांग्रेस पिछड़ी है।

# मानसून का इंतजार होगा खत्म, अगले सप्ताह दस्तक के आसार!



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चार दिन पहले सुकमा पहुंचने के बाद मानसून थम गया था, लेकिन अब फिर से उसकी गतिविधियां आगे बढ़ने लगी है। अंचल में अगले सप्ताह तक इसके पहुंचने के आसार बताए गए हैं।

वहीं इससे पहले प्री मानसून की बारिश देखने को मिल सकती है। हालांकि मानसून आने के बाद भी कुछ दिनों तक तापमान 40 डिग्री के करीब ही बना रह सकता है। इसके साथ ही गर्म हवाओं में भी इजाफा देखने को मिलने की संभावना है।

### मौसम विभाग का यह अनुमान

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा सुकमा और इस्लामपुर है। एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से नागालैंड तक 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल गुरुवार 13 जून को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की सम्भावना नहीं है। प्रदेश में वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ रहने की संभावना है। दक्षिण छत्तीसगढ में वर्षा की स्थिति और अन्य परिस्थितियों में सुधार होने के कारण बस्तर संभाग में दक्षिण पश्चिम मानसून और स्थानों पर पहुंचने की घोषणा जल्दी ही होने की संभावना है।

## अमानक बीज की सप्लाई

# गेहूं फसल प्रभावित, अब तक नहीं मिला मुआवजा

- 39 सौ रुपए की दर से खरीदा बीज
- मुआवजा के लिए सौंपा था ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के घुमका ब्लॉक में डुमरडीहखुर्द के दर्जनों किसानों द्वारा अमानक बीज की सप्लाई की शिकायत दर्ज कराने के बाद अब उन्हें मुआवजे के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। किसानों की शिकायत बाद विभाग की टीम ने निरीक्षण कर अपनी जांच कर ली थी, लेकिन दो महीने बाद भी किसानों को मुआवजा नहीं मिल पाया है। किसानों ने बताया कि छग राज्य बीज निगम द्वारा पदुमतरा समिति के जरिये उन किसानों को अमानक गेहूं बीज की सप्लाई कर दी गई थी। जिसके चलते इन किसानों की फसल प्रभावित हो गई थी।

इस मामले को लेकर संबंधित किसानों ने मार्च महीने में ही एक ज्ञापन भी जिला प्रशासन को सौंपा था।किसानों ने बताया कि डुमरडीहखुर्द के किसानों ने नवंबर-दिसंबर के महीने में पदुमतरा समिति से 3900 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का बीज खरीदा था। उस दौरान ही बोनी की प्रक्रिया किसानों द्वारा की गई थी। तीन महीने बाद जब गेहूं की बाली निकल आई तो उन्हें पता चला कि गेहूं का बीज अमानक था। जिसकी वजह से गेहूं की बालियां छोटी-बड़ी आई है। तीन-चार किस्म के बीज को मिलाकर किसानों को ऊंचे दर पर बेचा गया। ऐसे में किसानों को खराब बीज की वजह से प्रति एकड़ 5 से 6 हजार रुपए का नुकसान हो गया है। ऐसे में किसानों की मांग के बाद कृषि विभाग के माध्यम से जांच कराई गई थी। किसानों ने बताया कि जांच के दौरान भी अफसरों ने माना था कि अमानक बीज की सप्लाई हुई है, लेकिन अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है।

### तीन महीने से जारी इंतजार

*डुमरडीहखुर्द के किसानों ने बताया कि शिकायत और ज्ञापन सौंपने के बाद मार्च महीने में ही कृषि विभाग की चार से पांच सदस्यीय टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच भी की थी। जांच के दौरान अफसरों ने थ्रेसर से मिंजाई हो रहे गेहूं के दानों को परीक्षण कर सैंपल भी लिया था। किसानों की माने तो जांच दल ने भी यह माना था कि बीज अमानक है, लेकिन अब तक इस मामले में मुआवजा नहीं मिलने से किसान चिंतित हैं।*

# जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष के रेस्टोरेंट से कूदा सर्वेंट, मौके पर दर्दनाक मौत

- मंगलवार आधी रात की है घटना, पुलिस मौत के कारणों की कर रही है जांच

**मोहला।** अंबागढ़ चौकी मुख्य मार्ग पर स्थित जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष के फूड कॉर्नर तथा रेस्टोरेंट के दूसरे माले से मंगलवार आधी रात काम करने वाला सर्वेंट कूट गया। जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। आज सुबह पीएम कराते आमगांव निवासी परिजनों को पुलिस ने शव सुपुर्द किया है। पूरे मामले की तहकीकात को लेकर थाना प्रभारी अश्वनी राठौर की टीम जुटी हुई है।

घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार मुख्य मार्ग पर स्थित वनोपज जांच नाका से पहले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष की फूड सेंटर तथा रेस्टोरेंट स्थापित है। रेस्टोरेंट बंद होने के बाद मंगलवार रात लगभग 12.30 बजे के लगभग प्रतिष्ठान में कार्यरत वर्कर खिलेश्वर साहू उर्फ बबलू पिता तोरण साहू निवासी आमगांव डोंगरगांव अचानक दो मंजिला मकान से नीचे गिरे मिला। जिसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। युवक को तत्काल सारस्वत परिवार द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। आज सुबह पीएम कराते परिजनों को शव सुपुर्द किया गया है। अंबागढ़ चौकी पुलिस पूरे मामले की गहन तफ्तीश में जुटी हुई है।

### हादसा या आत्महत्या?

दो मंजिला मकान से गिरे वर्कर खिलेश्वर साहू की मौत के मामले में पुलिस हर एंगल पर जांच कर रही है। युवक द्वारा आत्महत्या की गई है या किसी हादसे में उसकी गिरने से मौत हो गई, पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### की जा रही जांच

मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है कि किन कारणों के चलते युवक के इमारत से गिरने से मौत हुई है।

- **अश्वनी राठौर,** थाना प्रभारी, अंबागढ़ चौकी

# अंडरब्रिज में लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के ममता नगर क्षेत्र के रेलवे अंडरब्रिज के आसपास आए दिन वाहनों की जाम लगने से यहां से आवागमन करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भारी वाहनों के चलते आए दिन यहां यातायात व्यवस्था चरमराई रहती है।

ममता नगर क्षेत्र से मोतीपुर इलाके को जोड़ने वाली रेलवे अंडरब्रिज से बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन बना रहता है। विशेषकर ग्रामीण इलाकों के लोग यही से अधिकांशतः आवागमन करते हैं। जिसके चलते सुबह एवं शाम के समय यहां यातायात का अधिक दबाव बना रहता है। इस मार्ग में भारी वाहनों के आवाजाही के चलते आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। जिससे अंडरब्रिज के दोनों ओर वाहनों की कतारें लगी रहती है। इस समस्या से जहां वाहनधारियों को हलाकान होना पड़ता है। वहीं ममता नगर मार्ग के किनारे व्यवसायी व आम लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यहां यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस स्टाफ की उपस्थिति भी नजर नहीं आती।

### बारिश में पानी भराव की शिकायत

बताया गया कि बारिश के दिनों में उक्त अंडरब्रिज में बारिश के पानी का भराव हो जाता है। जिससे वाहन चालकों के अलावा पैदल आवागमन करने वालों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। बारिश में पानी के पर्याप्त निकासी एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए लोगों ने संबंधित प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया है।

# घर में घुसकर आभूषण और नगदी की चोरी



**राजनांदगांव।** घर में प्रवेश कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी का आभूषण चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कातलवाही के एक घर में अज्ञात चोर ने प्रवेश किया और घर के अलमारी से नगदी रकम 8500 रुपए, एक नग सोने का मंगलसूत्र, एक नग चांदी की पैरपट्टी को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)
हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप



### शिक्षकों का ऑफलाइन प्रशिक्षण

**घुमका।** शिक्षा सत्र शुरू होने के पहले प्राथमिक शाला के शिक्षकों को गुणवत्ता शील शिक्षा प्रदान करने प्रशिक्षित किया जा रहा है। स्वामी आत्मानंद स्कूल में एफएलएन प्रशिक्षण का आयोजन 2 से 6 जून तक ऑनलाइन किया गया। अब ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संकुल समन्वयक सोहनलाल वर्मा, सुनील वर्मा, दिनेश कुमार सोनी 10 संकुल के 80 शिक्षकों को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

### दाखिला के लिए पालकों से साधा संपर्क



**डोंगरगांव।** राज्य शासन के आदेशानुसर पीएमश्री स्कूल बोधीटोला के प्रधानपाठक पुनाराम कन्नोजी ने शत प्रतिशत बच्चों के दाखिला के लिए घुमंतू परिवार के पालकों से संपर्क किया। उन्हे शिक्षा का महत्व को बताते हुए बच्चों को स्कूल भेजने प्रेरित किया।

### पीएमश्री स्कूल का निरीक्षण



**डोंगरगांव।** जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, डीएमसी सतीश ब्यौहारे ने गत दिनों पीएमश्री शाला प्राथमिक बोधीटोला, अमलीडीह एवं लाइब्रेरी का आकस्मिक निरीक्षण किया।

### निकाय चुनाव की सुगबुगाहट, साल के अंत तक चुनाव की संभावना

# परिसीमन से नहीं बदलेगा भूगोल

## दिवाली बाद बढ़ेगी राजनीतिक हलचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद निकाय चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। संभावना है कि नवंबर या दिसंबर में नगरीय निकाय के चुनाव हो सकते हैं। इस संभावना को राज्य शासन द्वारा हाल ही में जारी वार्डों के परिसीमन के आदेश से और बल मिला है। इस आदेश के परिपालन में कोई बड़ा बदलाव आने की संभावना कम है। पांच साल पहले जो परिसीमन किया गया था उसमें मतदाताओं की संख्या में समतुल्यता दिखाई दे रही है।

जानकारी के अनुसार करीब पांच साल पहले हुए निकाय चुनाव के पहले वार्डों का नए सिरे में परिसीमन किया गया था। परिसीमन में मतदाताओं की संख्या को समतुल्य करते हुए सीमाओं को भी सुविधाजनक तरीके से निर्धारित किया गया था। मतदाता संख्या के लिहाज से देखा जाए तो शहर के सभी 15 वार्डों में लगभग बराकर वोटर हैं। वर्तमान में परिसीमन किया भी जाता है कि कोई खास बदलाव आने की संभावना कम है। बीते पांच सालों में बढ़े मतदाताओं से आंकड़े में बदलाव आने संभावना है।

### डेढ़ दशक से कांग्रेस का कब्जा

स्थानीय नगर पंचायत में 15 साल से कांग्रेस का कब्जा है। भाजपा से लक्ष्मीनारायण गुप्ता के अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद से लगातार कांग्रेस शहर में जीत दर्ज करते आ रही है। श्री गुप्ता के बाद कांग्रेस के मुरलीधर पंजवानी, संध्या साहू निर्वाचित हुए। वर्तमान में अध्यक्ष पद पर कांग्रेस के हीरा निषाद काबिज है।



### किस वार्ड में कितने वोटर

जानकारी के अनुसार पांच साल पहले किए गए परिसीमन के मुताबिक वार्ड क्रमांक एक में 776, वार्ड दो में 802, वार्ड तीन में 576, वार्ड चार में 497, वार्ड पांच में 631, वार्ड छह में 807, वार्ड सात में 913, वार्ड आठ में 683, वार्ड नौ में 951, वार्ड 10 में 804, वार्ड 11 में 865, वार्ड 12 में 869, वार्ड 13 में 710, वार्ड 14 में 574 और वार्ड 15 में 622 महिला पुरूष मतदाता थे।

### कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती

करीब डेढ़ दशक से शहर की सत्ता पर काबिज कांग्रेस के सामने काफी चुनौतियां दिखाई दे रही है। उसे जहां सत्ता विरोधी लहर से जूझना पड़ सकता है वहीं विधानसभा के बाद लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली बढ़त को अपने पक्ष में करने के लिए एड़ी चोटी का प्रयास करना होगा। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस शहर के सभी वार्डों में पिछडते हुए भाजपा से करीब दो हजार मतों से पीछे रह गई थी वहीं लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उम्मीदवारी के बाद भी कांग्रेस खाई को पाटने में नाकामयाब रहते हुए करीब 26 सौ वोटों से पीछे रह गई।

# कलेक्टर ने जिले में अव्वल रहे छात्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला



कलेक्टर एस. जयवर्धन ने बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल भेंट कर उनके परिवारजनों की मौजूदगी में सम्मानित किया। कलेक्टर ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

12वीं बोर्ड की परीक्षा में प्रथम रहे वैजन्ति कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी एवं आराधना निषाद सेजेस हिंदी मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी को क्रमशः 92.20 प्रतिशत प्राप्तकर जिले में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहने पर उन्हें सम्मानित किया गया। इसी प्रकार राधिका कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी को 91.20 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं लोमेश्वरी कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी को 91 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया।

### 10वीं में तेजस्वी प्रथम

इसी प्रकार कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 93.50 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान के लिए तेजस्वी सिन्हा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटाटोला को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सागर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भड़सेना को 93.35 प्रतिशत के साथ द्वितीय व नूपुर सोनी सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मोहला एवं विनीता पिसदा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मानपुर को संयुक्त रूप से 93.17 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान के लिए सम्मानित किया गया।

# केंद्रीय मंत्रियों व राष्ट्रीय नेताओं से मिले पटेल



**राजनांदगांव।** भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल इन दिनों एक प्रतिनिधि मंडल के साथ देश की राजधानी नई दिल्ली के प्रवास हैं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया व अनेक केन्द्रीय मंत्रियों व राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक-राजनीतिक चर्चा की।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार केन्द्रीय नेताओं से मिलने के क्रम में कल रात उन्होंने केन्द्रीय श्रम, खेल व युवा कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख लक्ष्मणभाई मंडाविया से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित सांसद व केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू से सौजन्य भेंट की और छत्तीसगढ़ से उन्हें मंत्री परिषद में शामिल किए जाने व अहम विभाग की जिम्मेदारी दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते उन्हें बधाईयां दी। इस दौरान पटेल के साथ जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश गांधी, खैरागढ़ जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू सहित अन्य लोग शामिल थे।

# दफ्तर और कर्मचारियों पर नियंत्रण रखें विभाग प्रमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

कलेक्टर एस. जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि विभागाध्यक्ष का दायित्व है कि अपने अधीनस्थ कार्यालय और अधिकारियों पर नियंत्रण रखें। अधीनस्थ कार्यालय और अधिकारियों का सतत मूल्यांकन करें। उनके कार्यों का मूल्यांकन करें। साथ ही विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाएं।

कलेक्टर ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के चलते विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी विभागीय अधिकारी एक्शन मोड में कार्य करते योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति लाएं। नए सिरे से योजनाओं का आंकलन करते योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा गया है। कलेक्टर ने कहा कि उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का स्वयं पालन करते अधीनस्थ कार्यालय को भी दिए गए निर्देशों का पालन करने तैयार करें। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर के अधिकारी अपने-अपने मुख्यालय में नियमित रूप से उपस्थित होकर योजना के क्रियान्वयन और जनसरोकार से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते दायित्व निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को इसकी जानकारी दें। जिले में किसी भी दशा में कहीं भी अप्रिय घटना घटित न हो, इसके लिए स्वयं सतर्क रहें और विभागीय अमला को भी संवेदनशील से कार्य करने के लिए तैयार रखें।



### नए शिक्षा सत्र की तैयारी करने के निर्देश

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नया शिक्षा सत्र से शाला प्रारंभ की तैयारी की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्कूल, आश्रम छात्रावास में सभी तैयारियां पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायत में बनाए गए चारागाह में पशुओं के लिए घास लगाने के कार्य को अपेक्षा अनुरूप शीघ्र प्रारंभ कर लेने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने जिले में खाद-बीज के भंडारण और किसानों को किए गए वितरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी सोसाइटी में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण रखें। किसानों की मांग पर उन्हें आवश्यक मात्रा में खाद-बीच उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते जिले में पर्याप्त मात्रा में पौधारोपण करने के निर्देश दिए गए हैं। पौधारोपण के लिए उद्यानिकी विभाग, वन विभाग को संयुक्त रूप से आवश्यक कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने मानसून सत्र को ध्यान में रखते संवेदनशीलता से कहा है कि जिले में मानसून के दौरान आकाशीय बिजली से कहीं भी जनधन की हानि न हो, इसके लिए नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। आकाशीय बिजली से गिरने के दौरान राहत एवं बचाव के संबंध में नागरिक में जागरूकता अभियान चलाने कहा गया है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, जिला परियोजना निदेशक अधिकारी हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला हेमेंन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमितनाथ योगी सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# तेज आंधी से शेड उड़े, पोल गिरे

## अंधड़ और बारिश ने जमकर बरपाया कहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुज्जी

अंचल में बारिश ने जमकर कहर बरपाया है जिससे लोगों सहित बिजली कंपनी को काफी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुकसार आंधी तूफान और आकाशीय बिजली की चमक से बिजली पोलों के ईन्शूलेटर टूट गए। करेठी से देवरी रास्ते पर स्थित मकान का टीनशेड उड़कर लगभग बीस फीट दूर जा गिरा। बिजली के छह पोल टूटकर धराशाही हो गए। इसी तरह ग्राम पंचायत बड़भूम में दो जगह बिजली पोल गिर गए हैं। गली में एक पेड़ के गिरने वजह से रास्ता जाम हो गया है। उमेश साहू के घर का टीनशेड उड़कर दूर जा गिरा। बिजली पोल भी गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे बिजली सप्लाई बाधित हुई। विभाग व्दारा तेजी से मरम्मत किया जा रहा है, ताकि बिजली सप्लाई चा्लू हो सके।



# कवियों ने किया ऑनलाइन काव्यपाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

हमारा प्यारा हिंदुस्तान साहित्य संस्था की छत्तीसगढ़ इकाई के तत्वावधान में पर्यावरण प्रदूषण के संदर्भ में ऑनलाइन काव्य संध्या का आयोजन किया गया।

कवि सम्मेलन साहित्यकार अशोक गोयल के मुख्य आतिथ्य तथा रमेश जैन राही के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में शुचिता नेगी शुचि एवं मिताली वर्मा ने माँ सरस्वती की वंदना की। एकता गुप्ता उन्नाव ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

तत्पश्चात दिलीप शर्मा, ईश्वरचंद जायसवाल, अशोक गोयल, रमेश जैन राही, अविनाश खरे, अर्चना जैन, डॉ. सरोज साव, मीनू राजेश शर्मा, सुमित्रा गुप्ता, कल्पना भदौरिया, ऋतु पाण्डेय, नवेद रज़ा, बीना गोयल, विजय डांगे, रियाज खान, आयुष शाह, रमा बहेड़, राजेश शर्मा, गीता उपाध्याय, कमला सिंह, डॉ. पुष्पा जैन, सुषमा श्रीवास्तव, छोटेलाल सिंह, रमेश यादव, डॉ. शशि जायसवाल, शिखा पाण्डेय, उमाकांत भारद्वाज आदि काव्यपाठ किया। संचालन शिवनाथ सिंह, शुचिता नेगी शुचि तथा मिताली वर्मा ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन संस्था के राष्ट्रीय संस्थापक निर्दोष जैन ने किया।

# देशी धान बीज वितरण एवं किसानों को दिया जैविक खेती का प्रशिक्षण

- श्रृष्टि समाजसेवी संस्था की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बांधाबाजार



समग्र सृष्टि समाजसेवी संस्था दक्कोटोला ने ग्राम पड़की, पांगरी, चिरचारी, माधोपुर के किसानों को पारंपरिक देसी धान बीज का वितरण किया। किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। संस्था के रिसोर्स पर्सन जयदेव मोहुर्ले ने जैविक खाद, दवाई, वर्मी कंपोस्ट, नाडेफ खाद आदि बनाने की विधि बताया। देसी धान लुचई, गुरमटिया, दुबराज, काली कमोड, पीली लुचई को उपचारित तथा गुणवत्ता पूर्ण बनाने की विधि, बोने की विधि , बीज का उचित प्रबंधन आदि के बारे में जानकारी दिया। प्रशिक्षण में सुरेंद्र धुर्वे, सावत नायक, दिनेश कुमार, किरणबाई, उत्तराबाई, लच्छतीन बाई, पुष्पा बाई, चैतीबाई, देवकली बाई , रमेश टेकाम, रघुवीर सिंह, बंशीलाल, सियाराम तुलावी, रूपसाय, संतराम, मान सिंह, हरिराम, श्रीराम कोमरे, जमुनाबाई, भागो बाई, विनोद मंडावी, बिसाल सिंह, निर्मल, रेवती बाई, ललिता बाई, बैशाखीन बाई, खोरबहरा यादव, दुरुग साय, अर्जुनसिंह आदि शामिल हुए।

# शिक्षक प्रशिक्षण का अफसरों ने लिया जायजा



**साल्हेवारा।** प्राथमिक शाला के शिक्षकों के लिए एफएलएन आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। आयोजन के दूसरे दिन जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र डड़सेना, शिरीश पांडे, जिला क्रीड़ा अधिकारी अधिकारी कन्हैया पटेल और सेजस के प्राचार्य बहादुर सिंह खुशरो ने प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर जायजा लिया। इस मौके पर श्री द्विवेदी ने एफएलएन का महत्व बताया एवं शिक्षकों से प्रशिक्षण संबंधित जानकारी ली। कुल 74 शिक्षकों को डीआरजी अरूण कुमार कोशे, परमेश्वर कौशिक एवं धनीराम डड़सेना प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस प्रशिक्षण में संकुल साल्हेवारा, सरईपतेरा, नचनिया, आमगांव घाट, रामपुर, कोपरो, कुम्हरवाड़ा, बकरकट्टा, मोहगांव, पैलीमेटा के शिक्षक शामिल हुए है। यह जानकारी मुरली मनोहर वर्मा ने दी।

## शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के निर्देश

# प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

समग्र शिक्षा अंतर्गत प्राथमिक शालाओं की कक्षा पहली से तीसरी तक पढ़ाने वाले शिक्षकों का जोन स्तरीय चार दिवसीय प्रशिक्षण 10 जून को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यालय में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का समापन कल 13 जून को होगा। प्रशिक्षण का शुभारंभ स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यालय के प्राचार्य जयंत साहू ने मां सरस्वती की पूजन अर्चना कर किया। प्रारंभ में शिक्षकों ने अपना परिचय दिया। मास्टर ट्रेनर राहुल जैन, कोनिका सोनी एवं थानेंद्र कुमार साहू ने एफएलएन पर विस्तार से चर्चा की। 2026 तक कक्षा एक से तीन पढ़ने वाले बच्चों में कक्षा अनुरूप दक्षता प्राप्त करने का लक्ष्य दिया गया। तत्पश्चात हिंदी भाषा शिक्षण में पियर लर्निंग एक्टिविटी शिक्षकों का ग्रुप बनवाकर करवाया गया। संकुल समन्वयक राहुल जैन ने बताया कि इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, डीएमसी सतीश ब्यौहारे, बीईओ आरएल पात्रे, एबीईओ रश्मि ठाकुर, जयंत साहू, बीआरसी अरविंद रत्नाकर ने एफएल प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जायसवाल ने सभी शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में जानकारी देते हुए शाला प्रवेश उत्सव पर चर्चा की।



### सात संकुल के शिक्षक शामिल

डीआरजी श्रीमती सोनी ने प्रशिक्षण को आगे बढ़ाते हुए साप्ताहिक आंकलन, मासिक आंकलन, वार्षिक आंकलन एवं ट्रैकर भरने की विस्तृत जानकारी शिक्षकों को दी। प्रशिक्षण में संकुल डोंगरगांव, कोकपुर, आसरा, मनेरी, बिजेभाठा, मोहड़ और खुज्जी के शिक्षक सम्मिलित हु। इस मौके पर देवेंद्र किशोर साहू, डामन साहू, नीलमणि साहू आदि उपस्थित थे।

### वेणु ने कराटे में जीता गोल्ड मैडल



**बेलगांव।** ग्राम पंचायत कोलेन्द्रा निवासी जनपद सदस्य त्रिवेणी राजू वर्मा की पुत्री वेणु वर्मा ने अमृतसर में आयोजित इंटरनेशनल कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। वह इसके पहले भी दिल्ली सहित अन्य शहरों में आयोजित प्रतियोगिता में सफलता हासिल कर चुकी है। उसकी इस सफलता पर शिक्षकों, ग्रामीणों आदि ने बधाई दी है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप

### अब प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन

**मोहला।** जिला स्तर पर अब प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकगणों की समस्याएं सुनी जाएगी। कलेक्टर एस. जयवर्धन के साथ ही जिले के अन्य अधिकारीगण द्वारा कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित होकर नागरिकगणों की समस्याओं को सुनने के साथ ही यथोचित निराकरण किया जाएगा। नागरिकगण दोपहर 1 बजे से उपस्थित होकर अपने समस्यों से संबंधित आवेदन प्रेषित कर सकते हैं।

### डीईओ, बीईओ, बीआरसी ने एचएम की ली बैठक

**मोहला।** नए शिक्षा सत्र 2024-25 की शुरूआत 18 जून से हो रहा। शाला खुलने के पूर्व की तैयारी की समीक्षा हेतु जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार देवांगन, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक खोमलाल वर्मा द्वारा मिडिल स्कूल के प्रधान पाठकों की बैठक ली गई। समीक्षा बैठक में सभी संकुल शैक्षिक समन्वयक, संकुल प्राचार्य भी उपस्थित रहे। बैठक में शाला की सफाई, बच्चों का दाखिला, ड्राप आउट बच्चो का पुनः प्रवेश, किचन रूम की सफाई, वृक्षारोपण, शाला प्रवेश उत्सव, एसएमसी बैठक, अभिलेख का संधारण, न्यौता भोजन, पुस्तक गणवेश वितरण इत्यादि पर निर्देश दिया गया। बैठक में पूर्व सत्र के उपलब्धि पर बीईओ मोहला ने प्रधान पाठकों की प्रशंसा भी किया तथा आने वाले समय में सभी प्रतियोगी परीक्षा में बच्चों को शामिल करने हेतु प्रोत्साहित किया। प्रधान पाठको को नए सत्र में मध्यान्ह भोजन संचालन व सफाई व्यवस्था को गंभीरता से ध्यान देने कहा गया। सभी ऑनलाइन कार्यों में शिक्षकों को दक्ष होने के लिए मोटिवेट किया गया। कैश बुक व स्टॉक पंजी नियमानुसार संधारित करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई के संकेत भी दिए हैं। शिक्षकों का पहनावा, व्यवहार विद्यालय के गरिमा अनुरूप रखने को कहा तथा शराब सेवन, पान गुटखा खाकर स्कूल आने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

### निधन

### राजेन्द्र महोबिया



**डोंगरगढ़।** गोल बाजार स्थित महोबिया पान भंडार के संचालक राजेंद्र महोबिया का 47 साल की उम्र में मंगलवार को सुबह 7 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार दोपहर 3 बजे छीरपानी मुक्तिधाम में किया गया।

---

### ब्लॉक में जल जीवन मिशन तोड़ रहा दम

# बिना टंकी बनाए बांटा नल कनेक्शन तीन साल एक बूंद नहीं टपका पानी

### भीषण गर्मी में पेयजल के लिए भटक रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन दम तोड़ते दिख रही है। ग्राम पंचायत चिंगली में ग्रामीणों के घरों में तीन साल पहले निर्माण एजेंसी ने नल का टोंटी लगा दिया। गलियों में पाइप लाइन बिछा दिया, लेकिन पानी जहां से सप्लाई होना है उस टंकी का अता पता नही है जिसके चलते जल जीवन मिशन के क्रियांवयन पर सवालिया निशान उठ रहा है वही ग्रामीण भी खुद को ठगा महसूस कर रहे है।

बीते दो तीन सालों से नल से पानी की आस लिए पूरा गांव निस्तारी के लिए एक तालाब और पीने के पानी को लेकर पांच हैंडपंप पर आश्रित है, लेकिन जल स्तर नीचे जाने के कारण पानी निकालते निकालते पानी लेने देने वाले दोनों की सांसे फूल रही है। चिंगली के ग्रामीणो ने बताया कि तीन साल पहले उन्हे योजना की स्वीकृति से घर मे नल से जल मिलने की खुशी संभाले नही संभल रही थी, लेकिन तीन साल के लंबे अंतराल बाद भी उनके घर लगे नल की टोंटी से बूंद भर पानी नही टपका है।

उन्होंने बताया कि गांव की गलियों में बने सीसी रोड को निर्माण एजेंसी ने उखड़वाकर पाइप लाइन बिछाया इस आश्वासन के साथ की बाद में सुधार होगा। घरों घर टोंटी बिठाने और सड़क खोदकर पाइन लाइन बिछाने वाली निर्माण एजेंसी ने पानी सप्लाई करने टंकी को लेकर कोई पहल नही की जिसके चलते अब घरो मे नल की टोंटी शो पीस बनकर रह गई है।



#### बिना टंकी बनाए दिया कनेक्शन

तीन साल पहले घर-घर नल कनेक्शन दे दिया, लेकिन जल जीवन मिशन के तहत अब तक पानी टंकी का निर्माण नहीं हो सका है। संबंधित विभाग को इस बात का पता है या नहीं, लेकिन पाइपलाइन विस्तार बाद पानी टंकी का अता पता नहीं है। ग्रामीण समझ रहे थे की नल कनेक्शन आने के बाद पानी टंकी का निर्माण होगा लेकिन पानी टंकी का काम अब तक शुरू नही हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन में विभाग व ठेकेदार ने जमकर भ्रष्टचार किया है। घरों में नल कनेक्शन देने मात्र से टंकी के बिना पानी घरों घर पहुंच जाएगा। सरपंच अजय वर्मा ने बताया की गांव में पानी समस्या और पानी टंकी निर्माण को लेकर कई बार पीएचई के चक्कर लगा चुके है, लेकिन विभाग संतोष जनक जवाब नहीं दे रहा है। गांव में पानी की विकराल समस्या है जिससे निपटने पंचायत द्वारा 5 ट्यूबवेल की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है जिससे निस्तारी हो रहा है, लेकिन ये भी ज्यादा दिन नही टिक पाएगा।

#### पेंड्रीकला में भी जल संकट

राजनांदगांव कवर्धा रोड पर जिला मुख्यालय से महज पांच किमी दूर पेंड्रीकला के रहवासी भी पानी की समस्या से जूझ रहे है। समुदाबाई, कचरा बाई, मंगतीन बाई, जितेश्वरी, देवेश्वरी, ललिताबाई, हिना साहू, उंपिल साहू, चुम्मन साहू, कुसुम साहू, धन्नी साहू, लखन साहू सहित गांव के वार्ड नंबर एक व दो की पचास से ज्यादा महिलाओं ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को ज्ञापन सौंपकर पानी की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन तहत घर में नल लगा है, लेकिन टोंटी से पानी नही निकल रहा है। सरंपच धनवा साहू ने समस्या को देखते हुए श्मशान घाट पास बोर मे पंप लगाकर पानी की वयवस्था की थी, लेकिन बिजली बिल नही पटाने के कारण बिजली कंपनी कनेक्शन निकालकर ले गई जिसके चलते पानी की वैकल्पिक व्यवस्था भी पूरी तरह से बंद हो गई है। उन्होंने कलेक्टर से मिशन का काम पूरा होते तक भीषण गर्मी को देखते हुए दुबारा बोर पंप का बिजली कनेक्शन जुड़वाने की मांग की है। सरंपच धनवा साहू ने बताया कि पानी सप्लाई करने बिजली कंपनी से निर्माण एजेंसी ने अस्थाई कनेक्शन लिया था। बिल नही पटाने के कारण कंपनी द्वारा सप्लाई काटने की जानकारी मिली है। यहां मिशन तहत टंकी बन गया है लेकिन पाइप लाइन विस्तार का काम आधा

#### बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा बाजार अतरिया, जल जीवन मिशन का अता-पता नहीं

देश के सभी दूर-सुदूर गांवों के हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने 2024 तक का लक्ष्य लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने जल जीवन मिशन की शुरूआत की थी, लेकिन बाजार अतरिया में मिशन का अतापता नहीं है। घर-घर नल और घर-घर जल का अता पता नही है। योजना तहत जिले के लगभग हर गांव में मिशन अंतर्गत काम होना है, लेकिन बाजार अतरिया में इस विषय पर प्रशासन गंभीर नही है। अभी भी यहां बीस साल पहले बने जर्जर पानी टंकी और क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से कुछ लोगों के घर तक पानी पहुंच रहा है, जो घर पहुंचते तक पीने लायक भी नहीं रहता। पुराने पाइपलाइन के जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने के कारण गन्दा पानी पाइप में आता है वही पानी घरों में सप्लाई होता है। मामले में ग्रामीणों द्वारा नेताओं सहित प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार पानी टंकी निर्माण के लिए गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन अभी तक कुछ नही हुआ है हालांकि पानी समस्या से निपटने पंचायत द्वारा कुछ जगहों के बोरिंग में पंप लगाकर पानी दिया जा रहा है। गांव के मध्यम व बड़े घरों में निजी बोर है जिससे उन्हें पानी मिल जाता है, लेकिन अधिकांश आबादी सरकारी बोर के भरोसे है जिन्हें पानी के भटकना पड़ रहा है। सरपंच सुमित्रा पाल ने बताया कि पानी समस्या को लेकर कई बार विभाग को आवेदन दे चुके है, जनप्रतिनिधियों को खबर है, लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं किया गया, पेयजल की भरी समस्या है। पानी टंकी का निर्माण आवश्यक है।

---

# पूर्व पार्षद पर हस्तक्षेप का आरोप जांच बाद खारिज

### कलेक्टर ने दिया था जांच का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगरपालिका में भाजपा के पूर्व पार्षद पर कार्यालय आकर शासकीय कार्यों में अवैधानिक रूप से हस्तक्षेप करने का कांग्रेसी पार्षदों के आरोप का सीएमओ ने अपने प्रतिवेदन में आधारहीन बताया।

मामले में कलेक्टर कार्यालय से पांच बिंदुओं में शिकायत जांच के लिए निर्देशित किया गया था। जांच बाद कलेक्टर को प्रेषित प्रतिवेदन में सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने स्पष्ट तौर पर अभमत देते हुए शिकायत को आधारहीन और तथ्यों से परे बताते हुए कहा कि कार्यालय में पदस्थ किसी भी संवर्ग के कर्मचारी ने शिकायत पत्र में लिखे तथ्यों के समर्थन मे कोई कथन नही किया है।

कलेक्टर को सौंपे शिकयत आवेदन के पूर्व भी उन तक किसी भी पार्षद ने लिखित या मौखिक शिकायत नही की है। पत्र मे तथ्यों की पुष्टि के लिए किसी भी प्रकार का दस्तावेज संलग्र नही किए जाने के कारण शिकायत आवेदन मनगढ़त, बेबुनियाद व बनावटी प्रतीत होता है इसलिए उक्त शिकायत आवेदन को नस्तीबद्ध किया जाना सही होगा।

#### पोल खुलने के डर से शिकायत

कांग्रेसी पार्षदो की आपत्ति को लेकर शुरू में ही लोगों ने कहा था कि चार बार के पार्षद और उपाध्यक्ष पद पर काम कर चुके रामाधार रजक को लेकर कांग्रेसी पार्षदों को आरोप मिथ्या है। बीस साल की पार्षदी का लंबा अनुभव और नपा अधिनियमों के तहत जानकारी लेने और उसके सार्वजनिक होने पर पोल खुल जाने के डर से कांग्रेसी तथ्यो से परे आरोप लगा रहे है। संस्था प्रमुख होने के नाते अनावश्यक हस्तक्षेप की जानकारी होने पर कार्यालयीन कर्मचारी की शिकायत पर सीएमओ इसमे रोक लगा सकते है। सीएमओ प्रमोद शुक्ला द्वारा अलग-अलग संवर्ग के कर्मचारियों से ली जानकारी बाद प्रेषित प्रतिवेदन मे उक्त शिकायत आवेदन को बनावटी बताया है इससे लोगों की शंका सही साबित हुई कि कांग्रेसी पार्षद मिथ्या आरापे लगा रहे है।

#### लगा रहे आरोप

सत्ता जाने के बाद से कांग्रेसी पार्षद बौखलाकर तथ्यों से परे जाकर आरोप लगा रहे थे जबकि इस प्रकार की कोई बात ही नही है। शिकायत आवेदन में भी महिला पार्षद की अनुपस्थिति मे दूसरे ने हस्ताक्षर किया था।

**- रामाधार रजक,** पूर्व पार्षद नपा

#### कार्यालयीन कामकाज में हस्तक्षेप का आरोप

बीते दिनों कांग्रेसी पार्षद दीपक देवांगन, पुरुषोत्तम वर्मा, सुमित टांडिया, शत्रुहन घृतलहरे, दिलीप राजपूत, दिलीप लहरे, शैलेन्द्र वर्मा, टिकेश्वरी पटेल, सुमन पटेल ने कलेक्टर को सौंपे शिकायत आवेदन मे कहा था कि वो अलग-अलग वार्डों से निर्वाचित पार्षद होकर वार्ड का प्रतिनिधित्व करते हैं जबकि भाजपा के पूर्व पार्षद रामाधार रजक किसी पद में नहीं होने के बाद भी रोज नपा कार्यालय पहुंचकर विभिन्न विभागों के फाइलों को निकालकर उसे देखते है और कांग्रेसी पार्षदों द्वारा किए जा रहे कामो में बिना किसी अधिकार कर्मचारियों पर उल्टा सीधा दबाव बनाकर व्यवधान पैदा कर रहे हैं। कांग्रेसी पार्षदों ने कलेक्टर को बताया था कि इसे लेकर वो सीएमओ से भी कई बार मौखिक शिकायत कर पूर्व भाजपा पार्षद के हस्तक्षेप को रोकने कह चुके है, लेकिन रामाधार रजक कार्यालय में आकर फाइलों का अवलोकन कर विकास कार्यों में अवरोध उत्पन्न कर रहे है। उनका कहना था कि पूर्व पार्षद अनाधिकृत रूप से प्रमं आवास में स्वीकृत पार्षदों के वार्डों के हितग्राहियों की राशि को बिना कारण के अधिकारियों पर दबाव बनाकर भुगतान रूकवा रहे है और अपने लोगों को गलत तरीके से राशि का आबंटन करवा रहे है।

---

# प्रत्येक वर्ग को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

भले ही आए दिन क्षेत्र से लेकर प्रदेश व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पर्यावरण की रक्षा को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन जिस प्रकार से इस समय पर्यावरण से जो खिलवाड़ हो रहा है, वह निश्चित ही भविष्य में प्रत्येक प्राणी के लिए खतरा साबित हो सकता है। पर्यावरण संतुलन बिगड़ने के प्रमुख कारण पेड़ों की कटाई है।

हर साल क्षेत्र से लेकर जिलों व प्रदेश में हजारों-लाखों छायादार पेड़ों की कटाई बेवजह हो रहा है। इससे जीव-जंतुओं से लेकर प्रत्येक प्राणी प्रभावित हो रहे हैं। यदि इसी रफ्तार से वृक्षों की कटाई होती रही तो वह दिन दूर नहीं, लोगों को छायादार पेड़ों के लिए तरसना पड़े। पेड़ों की कीमत तब हमें पता चलती है, जब गर्मी के समय सामान्य तापमान से अधिक



तापमान बढ़ जाता है, तब हमें उन छायादार वृक्षों की याद आती है।

क्षेत्र के बसुला निवासी स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया देते कहा कि अभी भी वक्त है, हम अपने आसपास से लेकर गांव में, घरों में, सड़क किनारे पौधारोपण कर उसे पेड़ बनाया जा सकता है। पुराने जमाने में हमारे बुजुर्गों द्वारा पेड़ों की पूजा करते थे और उनका आभार मानते भी थे। हम सभी मिलकर अपने मनोरंजन के लिए बड़े से बड़े कार्यक्रमों को सब मिलकर योगदान देते हैं। इसी तरह पर्यावरण संरक्षण के लिए हर वर्ग को पौधरोपण कर पर्यावरण की संरक्षण के लिए प्रति सजग रहना होगा, ताकि कम समय में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जा सके।

---

# विकास कार्यों के लिए बनायें वृहद कार्य योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करने के साथ ही विभागीय कार्ययोजना और कार्यक्रमों की समीक्षा की। जिले में विकास कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए अधोसंरचना, विकास कार्यों, सड़क पुल-पुलिया निर्माण के लिए विभागीय वृहद कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये है। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुआ कहा है कि सभी विभागीय अधिकारी आने वाले 5 साल 10 साल व 30 साल के विकास पर आधारित वृहद कार्ययोजना बनाकर शीघ्र प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने बैठक में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए अधूरे निर्माण कार्यों, निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति व निर्धारित समय का पालन नहीं किए जाने पर गहरी नाराजगी जाहिर किया है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी मंगाया है।



#### नोटिस जारी करने के निर्देश

जिला मुख्यालय मोहला के सड़कों को लेकर उन्होंने आने वाले बरसात के दौरान क्षतिग्रस्त होने की दशा में संबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई जानकारी निर्धारित समय में वास्तविक तथ्यों के साथ चाही गई जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि आरटीआई कार्यकर्ताओं के द्वारा जो जानकारी चाही गई है, उसे अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाये। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को जवाबदारी के साथ लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

---

# पर्यावरण को लेकर भामसं का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिला

- जिले में बढ़ते प्रदूषण एवं इसके रोकथाम को लेकर दिया सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में बढ़ते प्रदूषण एवं इसके रोकथाम के उपाय करने को लेकर भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधि मंडल पिछले दिनों कलेक्टर संजय अग्रवाल से मिलकर अपने सुझाव दिए व इसके लिए सहयोग करने की भी बात कही। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू के अनुसार जिलाधीश को प्रस्तुत ज्ञापन में कहा गया कि पर्यावरण प्रदूषण की समस्या जिले या देश में ही नहीं, पूरे विश्व में एक गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रदूषण के कारण नागरिकों को कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वर्तमान में पेड़ों की कटाई काफी बढ़ गई है, पर इसकी तुलना में वृक्षारोपण कम हो रहा है, जिस वजह से तापमान पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बढ़ गई है। सही प्रकार से जल संरक्षण न हो पाने के कारण भू-जल का स्तर नीचे जाने लगा है। इससे कई स्थानों पर पानी की समस्या बढ़ने लगी है।

भारतीय मजदूर संघ ज्ञापन के माध्यम से यह मांग करता है कि जिले में होने वाली सभी प्रकार के प्रदूषणों पर विशेष ध्यान देते इसके रोकथाम के तत्काल उपाय किए जाएं। वायु प्रदूषण पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं इसे कम करने हेतु उचित उपाय किया जाए, नदी व नालों के पानी को प्रदूषित होने से बचाने आवश्यक उपाय किए जाए। अनावश्यक पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जाए व वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए। जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देते वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से वर्षा के जल को भू-जल में रिचार्ज करने की नियमानुसार व्यवस्था की जाए। शहर से निकलने वाले कचरों के प्रबंधन की उचित व्यवस्था की जाए तथा ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की गई।

प्रतिनिधि मंडल में भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा, सुदर्शनदास मानिकपुरी, नरेश कुमार साहू, गोपाल साहू, अल्का बारसागढ़े, भारती शर्मा, धनेश्वरी साहू सहित अन्य लोग शामिल थे।

---

### सभी राजस्व एवं पुलिस अधिकारी रहे सचेत

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने ली जिले की कानून व्यवस्था की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा व एसपी त्रिलोक बंसल ने कानून व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कई जगहों की घटनाओं का जिक्र करते कहा की सभी राजस्व व पुलिस अधिकारी सचेत रहे और कहीं भी किसी प्रकार के अप्रिय घटना की आशंका होने पर तत्काल सूचना दे। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी अप्रिय घटना की स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए इसके लिए सूचना तंत्र को पुख्ता कर काम करें। अप्रिय घटना होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करें ताकि समय पर कारवाई की जा सकें। उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी प्रसारित करने वालों पर निगरानी रखने को कहा। गंडई में आयोजित होने वाले शिव महापुराण को लेकर भीड़ को नियंत्रित रखने विशेष व्यवस्था रखने के साथ साथ



उन्होंने राजस्व व पुलिस अधिकारियों को आपसी सामंजस्य स्थापित कर टीम वर्क के साथ काम करने कहा। समय-समय पर थाना और अनुविभागीय स्तर पर संयुक्त बैठक क स्थानीय स्तर की समस्याओं को जानने कहा। इसके अलावा उन्होंने प्रत्येक समाज के धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर, समाज प्रमुखों से सतत सम्पर्क करते हुए प्रमुखों की बैठक लेने। धार्मिक महत्व के स्थलों को चिन्हांकित कर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी करने आर धार्मिक स्थलों पर छेड़छाड या अभद्र व्यवहार करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने कहा वही पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उनके कार्यालय में कोई नागरिक समस्या लेकर आए तो उसे विनम्रता से सुने। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने हिंसा व प्रदर्शन के संभावित कारणों सहित उसके रोकथाम संबंध उपायों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया।

#### सजग रहे हर समय

पुलिस अधक्षक त्रिलोक बंसल ने जिले में कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने का निर्देश देते हुए कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने हर संभव प्रयास करे। राजस्व और पुलिस विभाग आपसी सामंजस्य के साथ काम करें। उन्होंने छोटी सी छोटी घटनाओं की जाकारी उच्च अधिकारियों को दने कहा ताकि समय रहते उस पर काबू पाया जा सके और अप्रिय वारदात बड़ी घटना का रूप धारण ना कर सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए पूरी निष्ठा के साथ काम करने कहा। बैठक में अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे सहित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

---

# मापदंड के अनुरूप समय में निर्माण करें पूर्ण : आयुक्त

- आयुक्त ने वार्डों में किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यों के निरीक्षण के तहत रेवाडीह, आशा नगर व आरके नगर में चल रहे विकास कार्य का जायजा लेकर मापदंड के अनुरूप समय में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने रेवाडीह एसएलआरएम सेंटर में आसपास के एसएलआरएम सेंटरों से नियमित रूप से कचरा मंगाकर कम्पोस्ट मशीन में डालने निर्देशित किया।

आयुक्त गुप्ता रेवाडीह में निर्माणाधीन मुक्तिधाम का निरीक्षण कर श्रद्धांजलि हॉल, नाली, सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति पर कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके को निर्देशित किया। उन्होंने आशा नगर के एप्रोज रोड सीमेंटीकरण कार्य को जल्द पूर्ण कराने को कहा। जिससे आशा नगरवासियों को आवागमन में परेशानी न हो। वहीं जीई रोड के पास गोडवाना भवन विस्तार कार्य तथा वार्ड नं. 23 के विभिन्न गलियों में सीमेंटीकरण कार्य भी समय में पूर्ण कराने कहा।

निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता अशोक देवांगन, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

#### स्वच्छता दीदीयों की सराहना

रेवाडीह एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर सेंटर के स्वच्छता दीदीयों द्वारा अच्छे कार्य एवं साफ-सुथरा संचालन के लिए सराहना करते प्रभारी से कहा कि गीला व सूखा कचरा घर में ही अलग-अलग करने समझाईस दें तथा अपने घर व आसपास साफ-सुथरा रखने भी समझाईस दें। उनके द्वारा साफ-सफाई का जायजा लिया गया और हाजिरी रजिस्टर की जांच कर निर्धारित समय तक सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एसबीएम प्रभारी रामटेके से कहा कि रेवाडीह के आसपास के क्षेत्रों के एसएलआरएम सेंटरों से नियमित कचरा इसी सेंटर में मंगावे और कम्पोस्ट मशीन में डाले। जिससे खाद निर्धारित समय में बन सके तथा खाद का विक्रय करने लोगों व किसानों से संपर्क करें।

## सार समाचार

### यामिनी कला केंद्र ने चंचल को दी बधाई



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स ) एवं अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा नीट-2024 में उत्कृष्ट अंकों के साथ चयनित होने पर चंचल देवांगन को यामिनी क्रीड़ा एवं कला केंद्र राजनांदगांव ने शुभकामनाएं दी।

संस्था के अध्यक्ष रीतेश देवांगन, सचिव पूनाराम यादव, वरिष्ठ सदस्य उमाशंकर साहू, भीष्म देवांगन, लता देवांगन, सेविता देवांगन, पारुल डुंभरे आदि ने चंचल को उनके निवास पर पहुंचकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर चंचल के पिता आयकर निरीक्षक उदेराम देवांगन, माता हेमलता देवांगन, बहन नेहा देवांगन, काव्य देवांगन, पृष्टि देवांगन आदि उपस्थित थे।

### जिपं साधारण सभा की बैठक 20 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 20 जून को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### कलेक्टर ने गठित जांच कमेटी की रिपोर्ट पर आरोपियों पर की कार्रवाई

# कूटरचना कर धोबेदंड में आदिवासी से दलालों ने हड़प ली 4 एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी पुलिस ने जमीन दलालों द्वारा आदिवासी परिवार से धोखाधड़ी कर 4 एकड़ जमीन हड़पने के मामले में 2 दलाल और एक सहयोगी महिला को गिरफ्तार किया है।

इस मामले में पटवारी, आरआई, तहसीलदार की भी भूमिका संदिग्ध है, जिसे कार्रवाई से फिलहाल दूर रखा गया है। पूरे प्रकरण की फाइल राजस्व दफ्तर से गायब हो चुका है। जिसके बाद महिला बाबू को भी निलंबित किया गया है। दरअसल जिले के मोहला ब्लॉक के धोबेदंड ग्राम में आदिवासी परिवार ने जिला कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर अपने हक की भूमि को दलाल संजय मिश्रा व रेमंत देवांगन द्वारा पावर ऑफ अटॉर्नी बनाकर हड़पने की शिकायत की थी। जिसके पश्चात कलेक्टर ने जांच कमेटी गठित कर मामले में जांच के आदेश दिए थे।

जांच समिति ने जांच में जमीन दलाल संजय मिश्रा व रेमंत देवांगन सहित सहयोगी महिला ओमकली को आरोपी पाया। समिति के जांच प्रतिवेदन के आधार पर मोहला पुलिस ने थाना मोहला में आरोपी संजय मिश्रा व रेमंत देवांगन पर अपराध दर्ज करते आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 472, 120-बी, 34 अनुसूचित, जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 तहत कार्रवाई किया है। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी जिले के पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर दी है। पुलिस ने आज आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।



#### पूर्व में भी धोखाधड़ी का मामला हुआ है दर्ज

जिले में जमीन का दलाली कर रहे हैं साई मोटर होंडा शो-रूम के मैनेजर मुख्य आरोपी संजय मिश्रा पूर्व में भी शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए लेने के मामले में जेल जा चुका है। प्रकरणों के मुताबिक इनके गिरोह द्वारा कई लोगों की जमीन कूटरचना व फर्जी तौर पर बेचने तथा हड़पने का मामला और भी है। जिसमें जांच चल रही है।

#### पटवारी, आरआई, तहसीलदार कार्रवाई के दायरे से बाहर

कूटरचना फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन के खरीद फरोख्त के साथ-साथ आदिवासी तथा गैर आदिवासियों के जमीन को हड़पने के मामले में मोहला तहसील में पदस्थ संबंधित पटवारी, आरआई, तहसीलदार की भूमिका बेहद संदिग्ध बताई जा रही है, जिन्हें फिलहाल कार्रवाई के दायरे से बाहर रखा गया है।

#### दफ्तर से फाईल गायब

मामला कितना हाई प्रोफाइल है, इस बात से पता चलता है कि जमीन दलाल संजय मिश्रा व अन्य आरोपियों के जमीन संबंधी कूटरचित राजस्व की फाइल तहसील दफ्तर से गायब कर दिया गया है। उक्त मामले में तहसीलदार के स्टेनो रेणुका चुरेन्द्र को निलंबित किया गया है।

### राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान स्पर्धा 17 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बिलासा सेवा समिति बिलासपुर छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समारोह-2024 का आयोजन परीक्षा तिथि आगामी 17 जून को परीक्षा केंद्र निषाद समाज सामुदायिक भवन कौरिनभाठा राजनांदगांव में सुबह 11 से 12.30 बजे तक होगी। परीक्षा फार्म नामांकन की अंतिम तिथि 13 जून है। परीक्षा फार्म आनलाईन व आफलाइन भर सकते हैं।

राजनांदगांव मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बिलासा सेवा समिति बिलासपुर निषाद (केवट) समाज का एक पंजीकृत सामाजिक संस्था है। इस संस्था द्वारा प्रतिवर्ष समाज के बच्चों एवं युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वालों को पुरस्कार के रूप में नगद राशि के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भी प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा तथा 27 लोगों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में नगद राशि प्रदान किया जाएगा।

# सोमनी में बस्ती के बीच अवैध फैक्ट्री, संचालक को नोटिस

- बस स्टैंड के पास कृषि भवन में बिना एनओसी के चला रहा फैक्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी



ग्राम सोमनी में बस स्टैंड से लगी बस्ती के बीच अवैध तरीके से फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। संचालक द्वारा ग्राम पंचायत व प्रशासन से किसी तरह की अनुमति नहीं ली है। बगैर पंचायत एनओसी के ही संचालक द्वारा कृषि भूमि पर फैक्ट्री का नवनिर्माण करा रहा है।

इसके विरोध में ग्रामीणों ने निर्माण पर रोक लगाने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित जिला प्रशासन व उद्योग विभाग में शिकायत की है। इस शिकायत के बाद उद्योग विभाग ने मंगलवार को फैक्ट्री संचालक अमर सिंह को नोटिस जारी कर विभागों से अनुमति व जारी किए सहमति पत्र की जानकारी मांगी है। ग्रामीणों ने बताया कि रहवासी क्षेत्र में ट्रक, जेसीबी, हाईवा का लेथ फैक्ट्री है। जिसमें उपयोग के लिए बड़ी मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडर व कटर गैस ज्वलंतशील पदार्थ का भंडारण रखा गया है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। इस कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। आक्रोशित ग्रामीण पहले भी इस अवैध फैक्ट्री के संचालन का विरोध कर चुके हैं, लेकिन संचालक अपनी मनमानी कर फैक्ट्री का निर्माण करा रहे हैं। बस्ती के बीच लेथ व वेल्डिंग फैक्ट्री का संचालन होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने फैक्ट्री के सामने व गांव के मुख्य चौक पर सड़क जाम करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों की इस चेतावनी के बाद प्रशासन ने भी मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल उद्योग विभाग के महाप्रबंधक ने लेथ व वेल्डिंग फैक्ट्री के संचालक को नोटिस जारी कर दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### ज्ञापन सौंपा...



**राजनांदगांव।** वैष्णो देवी कटरा से शिव खेड़ी जाते समय हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकवादी हमले को कायराना करार देते विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। इस संबंध में महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टोरेट में एक ज्ञापन सौंपा गया।

## महाराणा प्रताप जयंती मनी



**राजनांदगांव।** ग्राम ठेलकाडीह में राजपूत क्षत्रिय महासभा का महाराणा प्रताप जयंती मनाया गया। महासभा के मीडिया प्रमुख आदर्श सिंह ने बताया केन्द्रीय युवा मंडल के अध्यक्ष प्रशांत सिंह एवं विकास सिंह की टीम द्वारा महासभा के पदाधिकारी का सम्मान किया गया। तत्पश्चात भव्य शोभायात्रा में महाराणा प्रताप की भव्य झांकी एवं रथ, डीजे, धुमाल के साथ महाराणा प्रताप एवं प्रभु श्रीराम की जयघोष के साथ का शुरूआत किया गया। ठेलकाडीह ग्राम में भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल थाना चौक ठेलकाडीह पहुंचा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का सामाजिक पदाधिकारी द्वारा स्वागत किया गया। डॉ. सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप की जीवनी को पढ़ने, सुनने से ज्यादा आप उसका अवलोकन करें तथा जो समाज के विचार एवं मांगों को लाया गया, उसे हर संभव पूरा किया जाएगा। महासभा के अध्यक्ष ठाकुर बजरंग सिंह बैस ने भी अपने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, भाजपा नेता कोमल सिंह राजपूत, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, नोमेश वर्मा व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभावान छात्रों का सम्मान, समाज में उत्कृष्ठ कार्य के लिए दिया गया। कार्यक्रम में बजरंग सिंह बैस, रमेश कुमार सिंह, अश्वनी राजपूत, नीरज सिंह क्षत्रिय, कमलेश राजपूत, प्रवेश ठाकुर, ज्ञानेश्वर क्षत्रिय, घनश्याम सिंह चौहान, वंदना राजपूत, छाया ठाकुर, प्रशांत राजपूत, विकास सिंह, आदर्श सिंह, भागवत सिंह, दिनेश सिंह, लोकेन्द्र भुवाल, शेर सिंह, संजय सिंह, आरन सिंह, होरी सिंह, अजय सिंह, अशोक सिंह, अश्वनी लवायन, चंद्रशेखर सिंह, मुकेश सिंह, पंकज सिंह, चितरंजन सिंह, टीकम सिंह, रोहित सिंह, रामसिंह, हीरा सिंह, कमलेश सिंह, नरोत्तम सिंह पवार, तेज सिंह, कमलेश्वर सिंह, जितेन्द सिंह, मिथलेश सिंह, रघुनंदन सिंह, इंद्रपाल सिंह, अंकित सिंह, अजय सिंह, दीपक सिंह, आयुष सिंह, प्रवीण सिंह, दुर्गेश सिंह, सत्यम सिंह, शुभम सिंह, गंभीर सिंह समेत अन्य लोग शामिल थे।

## अवैध कारोबार के खिलाफ जनता कांग्रेस ने दिया धरना

**राजनांदगांव।** शहर में लगातार हो रही अवैध प्लाटिंग, जिलेभर में हो रहे अवैध उत्खनन और अवैध शराब बिक्री के मामले को लेकर जनता कांग्रेस द्वारा आवाज बुलंद करते आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें जनता कांग्रेस ने तत्काल अवैध प्लाटिंग, अवैध खनन और अवैध शराब ब्रिक्री बंद करवाने की मांग की है।

राजनांदगांव शहर में भू-माफियाओं द्वारा लगातार अवैध प्लाटिंग की जा रही है। वहीं अवैध शराब बिक्री के



मामले भी काफी बढ़ते जा रहे हैं। बीते दिनों एक वायरल वीडियो में शराब बिक्री की पुष्टि भी हुई थी। वहीं जिलेभर में अवैध उत्खनन भी जोर-शोर से चल रहा है, जिस पर रोक लगाने के लिए जनता कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करते अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान जनता कांग्रेस के कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष शमसुल आलम के नेतृत्व में कलेक्टोरेट के गेट पर जमीन में बैठ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने तहसीलदार मनीष वर्मा को कलेक्टर के नाम अवैध प्लाटिंग अवैध उत्खनन और अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग का ज्ञापन सौंपा है।

# एसएलआरएम सेंटर में बन रहा जैविक खाद

### खाद नर्सरी के पौधों के लिए अत्यंत उपयोगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत प्रतिदिन घरों से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरे को स्वच्छता दीदीयां एकत्रीकरण करती है और उसे एसएलआरएम सेंटरों में पृथककरण किया जाता है तथा गीला कचरा से सेंटर में ही जैविक व वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। उक्त खाद उद्यानों, नर्सरी व पेड़-पौधों के लिए अत्यंत उपयोगी है, जिसे निगम के एसएलआरएम सेंटरों से न्यूनतम दर पर प्राप्त किया जा सकता है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि बाजार एवं घर से निकलने वाले कचरा, जिसे स्वच्छता दीदीयां डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से गीला एवं सूखा कचरा संग्रहण करते हैं, जिसे एसएलआरएम सेंटर में उनके द्वारा पृथककरण किया जाता है और गीला कचरा व पत्तियां आदि से खाद बनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 60 दिन की प्रक्रिया में पीठ एवं कम्पोस्ट मशीन के माध्यम से खाद का निर्माण किया जाता है। प्रक्रिया के तहत डी-कम्पोस्ट व गोबर घोल डालकर उलट-पलट किया जाता है, जिसे 60 दिन के उपरांत जैविक तथा वर्मी खाद का उत्पादन होता है।

आयुक्त गुप्ता ने बताया कि जैविक तथा वर्मी खाद किचन गार्डन, सब्जी बागवानी, घरों के उद्यानों तथा कृषि फसलों हेतु अत्यंत उपयोगी है। यह शुद्ध देशी खाद है, जिसे गीला कचरा व पत्तियों आदि से बनाया जाता है। इस खाद में किसी भी प्रकार का केमिकल नहीं मिला होता है, जिस कारण से यह खाद फसलों, सब्जियों आदि की अधिक पैदावार हेतु अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि जैविक तथा वर्मी खाद का पर्याप्त भंडारण निगम के पास है, जिसे नवागांव, रेवाडीह, लखोली व मोहारा के एसएलआरएम सेंटर से बाजार मूल्य से न्यूनतम दर पर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आगामी बरसात में फसलों, नर्सरी, पेड़-पौधों, सब्जी के उत्पादन में उक्त खाद बहुत उपयोगी व उपजाउ साबित होगा।

आयुक्त ने नागरिकों एवं कृषकों से अपील करते कहा कि केमिकल मुक्त जैविक तथा वर्मी खाद का अपने उद्यानों व फसलों की उर्वरा शक्ति बढ़ाने एवं शुद्ध उत्पादन के लिए उपयोग करने एसएलआरएम सेंटरों से न्यूनतम दर पर प्राप्त कर सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ के जिलों में व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर आयोजित



**राजनांदगांव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के प्रमुख जिले बिलासपुर, मुंगेली, गरियाबंद, दंतेवाड़ा, सुकमा आदि में व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर संपन्न हुआ। इसमें लगभग 24 जिले के बच्चे शामिल हुए थे। राजनांदगांव की शीला सोनी ने टोली नायिका के रूप में बिलासपुर और मुंगेली जिले में जाकर लगभग 300 से ज्यादा युवा बच्चों को मार्गदर्शन दिया। व्याख्यान कर मोटिवेट व प्रेरित किया। यह शिविर पूर्णतया आवासीय एवं निःशुल्क तथा जिसमें बिलासपुर के सांसद एवं वर्तमान में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखनलाल साहू के मार्गदर्शन एवं सहयोग से संपन्न हुआ। इसी तरह 5 से 9 जून तक मां चंद्रहासिनी की नगरी चंद्रपुर रायगढ़ जिले में नारी शक्ति करण प्रशिक्षक-प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। जिसमें शीला सोनी ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए 200 बहनों जिसमें रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, दुर्ग, जशपुर, कोंडागांव की प्रतिभागी बहनों को प्रशिक्षित किया।

# कलेक्टर ने ली व्यायाम शिक्षकों की बैठक



- उत्कृष्ट कार्य करने शिक्षकों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर के सभाकक्ष में शिक्षा सत्र 2024-25 के संबंध में व्यायाम शिक्षकों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने जिले के सभी व्यायाम शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य करने कहा। व्यायाम शिक्षकों को क्रीड़ा क्षेत्र में विकास एवं संवर्धन हेतु अनुशासित तरीके से कार्य करने मार्गदर्शन दिया। उन्होंने व्यायाम शिक्षकों से शालाओं में समस्याओं के संबंध में जानकारी ली तथा इसकी सूची जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराने कहा।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को खेल मैदान एवं खेल सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी व्यायाम शिक्षकों को खेल मैदान एवं क्रीड़ा सामग्री की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल, जिला कीड़ा अधिकारी उषा चटर्जी, डीएमसी सतीश ब्यौहारे, विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी राजनांदगांव देवेंद्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक रणविजय प्रताप सिंह, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक ईश्वर निर्मलकर, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक भानुप्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी व व्यायाम शिक्षक उपस्थित थे।

## योजनाओं से किया जाएगा लाभान्वित

**राजनांदगांव।** श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के तहत विभिन्न प्रवर्गों के श्रमिकों का पंजीयन कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

विभागों से संबंधित प्रवर्गों में श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीयन कराने कहा गया है। जिसके तहत बुनकर, कचरा बिनने वाले, फुटकर सब्जी, फल-फूल विक्रेता, सफाई कामगार, वनोपज में लगे मजदूर, मछुआरा, पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गीपालन, बतख पालन में करने वाले एवं मजदूर खेतीहर मजदूर, मितानिन, रसोईया, सामाचार-पत्र बांटने वाले हॉकर, कोटवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, मोची, नाई, धोबी सहित अन्य प्रवर्ग में कार्य करने वाले श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीयन लोक सेवा केन्द्र अथवा श्रमेय ऐप (मोबाईल ऐप) के माध्यम से पंजीयन किया जा सकता है। पंजीयन हेतु ऑनलाइन आवेदनों में आधार कार्ड, बैंक खाता पासबुक, लाईव फोटो, आय प्रमाण पत्र, भूमि रकबा प्रमाण पत्र को अपलोड करना अनिवार्य है।

# कलेक्टर ने किया जिला ग्रंथालय का आकस्मिक निरीक्षण

- जिला ग्रंथालय में सुविधाएं बढ़ाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला ग्रंथालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं से चर्चा की और उन्हें परीक्षा के संबंध में आवश्यक सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें और लक्ष्य के लिए लगातार प्रयास करें। कलेक्टर से मिलकर युवाओं ने खुशी जाहिर की। कलेक्टर को ग्रंथालय में कम्प्यूटर, किताब, पार्किंग, भोजन कक्ष सहित अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने सुविधाओं को बढ़ाने के संबंध में कहा। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं की अधिक संख्या को देखते अतिरिक्त भवन एवं भोजन कक्ष के निर्माण के लिए नोडल अधिकारी को प्राक्कलन तैयार कराने निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा आधिकारी अभय जायसवाल, नोडल अधिकारी एवं डीएमसी सतीश ब्यौहारे, स्टेट स्कूल के प्राचार्य एनएस पट्टा एवं जिला ग्रंथालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता एफएलएन की ऑनलाइन ट्रेनिंग

बोड़ला। छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रावधानित नियमों के परिपालन में शिक्षा सत्र 2024 के कक्षा 1 से 3री तक अध्यनरत 6 से 8 वर्ष तक के बच्चों के बुनियादी साक्षरता में भाषाई कौशल और गणित की संख्यात्मक ज्ञान संख्या जो पढ़ने लिखने और बुनियादी गणित जैसे आवश्यक कौलश को मनोरंजक तरीके से बच्चों को सीखने के उद्देश्य से विकासखण्ड़ बोड़ला में प्राथमिक शाला में अध्यापन कराने वाले शिक्षक -शिक्षिकाओं की ऑनलाइन प्रशिक्षण संपन्न किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला स्त्रोत समूह जगजीवन हठीले, कामता चंद्रवंशी, संतोष जंघेल, सुभान अली हाशमी, हेमराय कोसले, पुरषोत्तम तिलगाम द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में गुणवत्ता बनाएं रखने के लिए नियमित रूप से मॉनिटरिंग किया गया।




# दफ्तर और कर्मचारियों पर नियंत्रण रखें विभाग प्रमुख

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



कलेक्टर एस. जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि विभागाध्यक्ष का दायित्व है कि अपने अधीनस्थ कार्यालय और अधिकारियों पर नियंत्रण रखें। अधीनस्थ कार्यालय और अधिकारियों का सतत मूल्यांकन करें। उनके कार्यों का मूल्यांकन करें। साथ ही विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाएं।

कलेक्टर ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के चलते विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी विभागीय अधिकारी एक्शन मोड में कार्य करते योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति लाएं। नए सिरे से योजनाओं का आंकलन करते योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा गया है। कलेक्टर ने कहा कि उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का स्वयं पालन करते अधीनस्थ कार्यालय को भी दिए गए निर्देशों का पालन करने तैयार करें। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर के अधिकारी अपने-अपने मुख्यालय में नियमित रूप से उपस्थित होकर योजना के क्रियान्वयन और जनसरोकार से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते दायित्व निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को इसकी जानकारी दें। जिले में किसी भी दशा में कहीं भी अप्रिय घटना घटित न हो, इसके लिए स्वयं सतर्क रहें और विभागीय अमला को भी संवेदनशील से कार्य करने के लिए तैयार रखें।

### नए शिक्षा सत्र की तैयारी करने के निर्देश

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नया शिक्षा सत्र से शाला प्रारंभ की तैयारी की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्कूल, आश्रम छात्रावास में सभी तैयारियां पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायत में बनाए गए चारागाह में पशुओं के लिए घास लगाने के कार्य को अपेक्षा अनुरूप शीघ्र प्रारंभ कर लेने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने जिले में खाद-बीज के भंडारण और किसानों को किए गए वितरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी सोसाइटी में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण रखें। किसानों की मांग पर उन्हें आवश्यक मात्रा में खाद-बीच उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते जिले में पर्याप्त मात्रा में पौधारोपण करने के निर्देश दिए गए हैं। पौधारोपण के लिए उद्यानिकी विभाग, वन विभाग को संयुक्त रूप से आवश्यक कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने मानसून सत्र को ध्यान में रखते संवेदनशीलता से कहा है कि जिले में मानसून के दौरान आकाशीय बिजली से कहीं भी जनधन की हानि न हो, इसके लिए नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। आकाशीय बिजली से गिरने के दौरान राहत एवं बचाव के संबंध में नागरिक में जागरूकता अभियान चलाने कहा गया है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, जिला परियोजना निदेशक अधिकारी हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला हेमेंन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमितनाथ योगी सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# गुरुकुल पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन कैंप संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जनपद की सुप्रतिष्ठित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त प्रथम अंग्रेजी माध्यम शाला गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन कैंप का आयोजन किया गया। बुधवार को समापन दिवस में भव्य समारोह का आयोजन किया गया, सभी पालकों एवं विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् अकादमिक डायरेक्टर, प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस कैंप के दौरान नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों, मिट्टी तथा क्ले से बने चित्ताकर्षक वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसने सभी पालकों को प्रभावित किया। इस कैंप में सहभागिता निमाने वाले सभी विद्यर्थियों को पुरस्कृत किया गया। अकादमिक डायरेक्टर ने अपने उद्बोधन में गुरुकुल द्वारा इस तरह का आयोजन निरंतर करते रहना तथा बच्चों की दक्षता में वृद्धि के लिए सदैव प्रयासरत रहने का आश्वासन दिया। उन्होनें कहा कि हमारा प्रयास प्रतिभावान विद्यार्थियों को तलाश कर तराशना है। प्रभारी प्राचार्य ने इस तरह के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि इस तरह का आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है। संस्था के अध्यक्ष ने ग्रीष्मकालीन कैंप के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया साथ ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर संयुक्त टीम ने चलाया विशेष अभियान

- विशेष अभियान के तहत घूमंतु बच्चों को शिक्षा से जोड़ने किया गया प्रेरित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग, मिशन वात्सल्य, पुलिस विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, श्रम विभाग एवं चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की संयुक्त टीम ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों में बाल श्रम निषेध अभियान चलाया। विशेष अभियान के अंतर्गत टीम द्वारा हॉटल, ढाबा, दुकान, मोटर गैरेज, इट भट्ठे, गुड़ फैक्ट्री, कबाड़ी दुकान निर्माण स्थानों आदि में जाकर निरीक्षण किया गया। साथ ही झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले परिवारों को अपने बच्चों से काम नही करवाने और शिक्षा से जोड़ने प्रेरित किया गया। इस दौरान संयुक्त टीम में सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, सीआर नंदा श्रम निरीक्षक, गौरव महोबिया श्रम निरीक्षक, सुश्री क्रांति साहू संरक्षण अधिकारी संस्थागत, राजाराम संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देखरेख, सुरेश साहू सामाजिक कार्यकर्ता, श्रीमती परमेश्वरी ध्रुर्वे सामाजिक कार्यकर्ता, श्रीमती श्यामा ध्रुर्वे, श्रीमती नितिन किशोरी वर्मा आउटरीच, महेश निर्मलकर परियोजना समन्वयक, सुश्री आरती यादव सुपरवाइजर, रामलाल पटेल, श्रीमती शारदा निर्मलकर एवं राजकुमार कुशवाहा, श्रीमती सकुन्तला मरकाम, आलोक त्रिपाठी एवं पुलिस टीम उपस्थित थे।

# अपराधिक गतिविधियों में चौकी दामापुर पुलिस की प्रभावी कार्रवाई



**हरिभूमि दामापुर।** जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा चौंकी दामापुर पुलिस प्रभारी विमल लावनिया द्वारा मंगलवार को आवेदिका श्रीमती बजरहीन बाई पति होरीलाल सप्रे आयु 50 वर्ष निवासी ग्राम प्राणखैरा द्वारा दामापुर चौकी आकर लिखित आवेदन पेशकर रिपोर्ट दर्ज कराई की इसका बड़ा लड़का दादूराम सप्रे आवेदिका से पैसा मांगने की बात को लेकर आवेदिका के घर में आग लगाकर जान से मारने की धमकी देकर गाली-गलौज किया है की रिपोर्ट पर चौकी दामापुर में अपराध क्रंमाक 109/24 धारा 436, 294, 506 कायम कर विवेचना में लिया गया। वहीं विवेचना के दौरान आरोपी दादूराम सप्रे पिता होरीलाल सप्रे आयु 30 वर्ष निवासी ग्राम प्राणखैरा को चौकी दामापुर पुलिस द्वारा बुधवार को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में विमल लवानिया, सऊनि निर्मल सिंह, बलदाऊ चंद्रवंशी, सेवाकराम साहू, दिलीप लहरे व चौंकी दामापुर पुलिस टीम की सराहनीय योगदान रहा।

# गुड़ उद्योग संचालन के लिए आवश्यक जानकारी प्रेषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा गुड़ उद्योग के संचालन के लिए आवश्यक निर्देश जानकारी प्रेषित की। विगत दिनों कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, भिलाई एवं जिले के गुड़ उद्योग इकाईयों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण मंडल के नियमों व दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

साथ ही उन्हे पर्यावरण अनापत्ति की ऑनलाईन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। जिले में वृहद मात्रा में गुड़ उद्योग संचालित है, उक्त इकाईयों के संचालन में होने वाली कठिनाईयों का निराकरण एवं शासन के नियमों के पालन सुनिश्चित करने कलेक्टर श्री महोबे द्वारा समय-समय पर आवश्यक निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाता रहा है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र डीएल पुसाम ने बताया कि गुड़ उद्योग स्थापना के पूर्व आवश्यक प्रक्रिया जैसे भूमि का औद्योगिक प्रयोजन के लिए डायवर्सन, स्थानीय निकाय का अनापत्ति, औद्योगिक विद्युत कनेक्शन तथा इकाई स्थापना उपरांत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से उत्पादन प्रमाण पत्र, पर्यावरण संरक्षण से संबंधित नियमों का पालन करते हुए पर्यावरण संरक्षण मंडल से अनापत्ति प्रमाण पत्र, इकाई स्थल पर चिमनी का निर्धारित मापदंड अनुसार निर्माण किया जाना, इकाई स्थल पर बाल श्रमिक कार्यरत नही होने संबंधी सूचना पटल, श्रमिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय तथा श्रम नियमों का पालन व फैक्ट्री लायसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके साथ ही बाहर से आए श्रमिकों का पुलिस सत्यापन तथा एफएसएसएआई लायसेंस प्राप्त किया जाना आवश्यक है। श्री पुसाम ने बताया कि कलेक्टर के आदेशानुसार आगामी सीजन में गुड़ उद्योग प्रारंभ करने के पूर्व उपरोक्त आवश्यक नियमों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

उक्त संबंध में संबंधित विभाग से संपर्क कर आवश्यक अनापत्ति, प्रमाण पत्र प्राप्तकर सकते है किसी प्रकार की समस्या होने पर एकल खिड़की प्रणाली अंतर्गत कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कबीरधाम से कार्यालयीन समय में संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जनमेजय महोबे ने समय-सीमा की बैठक में पूर्व में किए गए गुड़ उद्योग संचालकों की बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की जानकारी, गुड़ उद्योग पर नियमानुसार पंजीयन एवं पर्यावरण अनुमति संबंधी कार्यवाही की जानकारी ली थी। उन्होंने जिला व्यापार एवं उद्योग कार्यालय में पंजीयन के लिए सुविधा देने के निर्देश दिए थे।

## व्यवसायिक परीक्षा मंडल की पीईटी एवं पीपीएचटी की परीक्षा आज

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 13 जून को दो पाली में प्रातः 9 से अपरान्ह 12:15 बजे तक एवं दोपहर को 2 से 5:15 बजे तक पीईटीए पीपीएचटी की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में पीईटीए पीपीएचटी परीक्षा के लिए कबीरधाम जिले में 04 परीक्षा केंद्र बनाएं गए है। पीईटीए पीपीएचटी परीक्षा में कुल 1783 विद्यार्थि शामिल होंगे। कलेक्टर के निर्देश पर परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी आरबी देवांगन ने बताया कि पीईटी, पीपीएचटी परीक्षा के लिए जिले के पीजी कॉलेज कवर्धा, कन्या महाविद्यालय, संत कबीर कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पीईटी में 487 और पीपीएचटी की परीक्षा में में 1296 विद्यार्थी शामिल होंगे। उपरोक्त परीक्षा केंद्रों के लिए जिला स्तर से केन्द्रवार पर्यवेक्षक भी बनाया गया। सहायक नोडल अधिकारी एमके गुप्ता ने बताया कि कलेक्टर श्री महोबे के निर्देश पर परीक्षा केन्द्र में पर्यवेक्षण कार्य के लिए केन्द्रवार पर्यवेक्षक की ड्यूटी भी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि पीजी कॉलेज कवर्धा के लिए जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक संचालक विनोद अहिरवार को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। इसी तरह कन्या महाविद्यालय के लिए समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा, संत कबीर कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के प्रबंधक ऋतुराज ताम्रकार और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिए कृषि विभाग के सहायक संचालक अखिलेश दुबे को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही परीक्षा की संचालन की देखरेख एवं अनैतिक कार्यो को रोकने के लिए उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया।

## हेमचंद विवि ने बीएससी, बीएड, एमए का परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

दुर्ग हेमचंद विवि ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी है। इनमें बीएससी, बीएड भाग एक से तीन वार्षिक परीक्षा 2024, एमए समाजशास्त्र पूर्व व अंतिम, एमए अंग्रेजी पूर्व, एमए संस्कृत अंतिम, एमए राजनीति विज्ञान अंतिम वार्षिक परीक्षा 2024 शामिल है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071



## खबर संक्षेप




### स. शिक्षकों की अंतरिम वरिष्ठता सूची जारी

**कवर्धा।** छग टीचर्स एसोसिएशन के दखल के बाद सेवानिवृत्त शिक्षक के स्वत्वों का भुगतान एक सप्ताह के भीतर करने का निर्देश कवर्धा बीईओ को दिया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक शाला परसवारा में पाठक पद से सेवानिवृत्त हुए शिवभगत बर्वे के स्वत्वों का तीन माह बाद भी भुगतान नहीं किया गया है, जिसे लेकर संघ ने 11 जून को डीईओ को पत्र सौंपा था, जिसके बाद डीईओ ने 12 जून को बीईओ कवर्धा के नाम पत्र जारी कर विलम्ब का कारण लिखित में स्पष्ट करते हुए एक सप्ताह के भीतर स्वत्वों का भुगतान करने का निर्देश दिया है. एसोसिएशन की एक और मांग प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के रिक्त पदों पर पदोन्नति के संबंध में भी प्रक्रिया प्रारम्भ करते हुए एक अप्रैल 2024 की स्थिति में जिले के सहायक शिक्षकों की अंतरिम वरिष्ठता सूची जारी किया गया है। वरिष्ठता सूची में त्रुटि होने पर अपने बीईओ कार्यालय में 14 जून तक सप्रमाण दावा-आपत्ति प्रदान कर सकते हैं।

### मत्स्याखेट पर किया गया प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**कवर्धा।** मत्स्य पालन विभाग के सहायक संचालक आरडी सिंह ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में छत्तीसगढ़ नवीन मत्स्य पालन अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है। इस अवधि में प्रदेश के समस्त नदियों, नालों तथा छोटे नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय निर्मित किये गये हैं। सभी में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इस नियम को उल्लंघन करने एवं अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रुपए का जुर्माना तथा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

# धान खरीदी में अनियमितता बरतने वाले उर्पाजन केन्द्र प्रभारियों पर कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी में अनियमितता बरतने पर जिले के उपार्जन केन्द्रों के प्रभारियों पर वैधानिक कार्यवाही को लेकर जिला प्रशासन बेहद सख्त नजर आ रहा है।

इसी कड़ी में कलेक्टर जनमेजय महोबे ने अनियमितता बरतने वाले केन्द्र प्रभारियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कराने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष जिले के 108 धान उपार्जान केन्द्र में खरीदी की गई थी। जिसके बाद धान के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था, शत प्रतिशत धान का उठाव और शेष धान का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। भौतिक सत्यापन के लिए खाद्य, सीसीबी नोडल, विपणन, और सहकारी सेवा संस्थाएं के विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई है। टीम द्वारा पोर्टल में प्रदर्शित आनलाईन धान की उपलब्धता की भी भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा गठित जांच टीम की रिपोर्ट में धान के भौतिक सत्यापन में धान की कमी पाई जा रही है, जो कि गंभीर अनियमिता की श्रेणी में आता है।

भौतिक सत्यापन के दौरान धान की कमी नहीं पाए जाने वाले ऐसे धान उपार्जन केन्द्र समनापुर (बोड़ला) में 3436.49, धान उपार्जन केन्द्र रणजीतपुर में 2836 क्विंटल, धान उपार्जन केन्द्र सरईसेत में 2731.5 क्विंटल, धान उपार्जन केन्द्र सुकली गोंविद में 2717.6 क्विंटल, धान उपार्जन केन्द्र मोहगांव में 2140.41 क्विंटल, धान उपार्जन केन्द्र समनापुर में 1956.12 क्विंटल, धान उपार्जन केन्द्र राजानवांगांव में 1828.14 क्विंटल, धान उपार्जन केन्द्र सुरजपुरा में 1817.58 क्विंटल, धान उपार्जन केन्द्र करपीगोड़ान में 1805.5 क्विंटल,, धान उपार्जन केन्द्र बर्घरा में 1638.77 क्विंटल, धान उपार्जन केन्द्र बिरोड़ा में 1532.42 क्विंटल, धान उपार्जन केन्द्र रक्से में 1518.8 क्विंटल कमी पाए जाने पर समिति प्रबंधन एवं धान खरीदी प्रभारियों के विरूद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए है।

### प्रभारी को बर्खास्त कर संपति कुर्क करने निर्देश




कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी में अनियमितता पाए जाने पर धान उपार्जन केन्द्र कोदवागोड़ान के प्रभारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। इसके बाद प्रभारी को बर्खास्त कर सोसायटी अधिनियम 1962 नियम के तहत उनकी संपत्ति कुर्की कर वसूली करने के निर्देश दिए है। विगत दिवस संयुक्त टीम द्वारा धान उपार्जन केन्द्र कोदवागोड़ान में भौतिक सत्यापन करने पर 4 हजार 160 क्विंटल धान कम पाई गई थी, जिसकी लागत 90 लाख 81 हजार 829 रूपए आंकी गई थी।

रिपार्ट के आधार पर कुल 95 उपार्जन केन्द्रों में कुल 64409.88 क्विंटल धान कमी पाया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र प्रभारी के खिलाफ सोसायटी अधिनियम 1962 के तहत उनकी संपत्ति निलामी (कुर्की) कर वसूली की कार्यवाही, निलंबन, बर्खास्तगी करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने इन धान खरीदी केन्द्रों को ब्लैक लिस्टेड करने के प्रस्ताव भी शासन को प्रेषित करने के निर्देश सहकारी सेवा संस्थाए को दिए है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में खाद्य, सहकारी विपणन, उप पंजीयक सहकारी संस्था एवं ज़िला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर धान खरीदी केन्द्र में स्टॉक का भौतिक सत्यापन के संबंध में गहन समीक्षा कर कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे धान उपार्जन केन्द्र जहां उठाव के लिए अधिक धान ऑनलाईन दिख रहा है, लेकिन भौतिक रूप से स्थल पर कमी पाई गई उन धान उपार्जन केन्द्रों में सुधार नहीं आने की स्थिति में प्रभारी के विरूद्ध एफआईआर तक की कार्यवाही करने सीसीबी नोडल को निर्देशित किया गया।

साथ ही अनियमितता पाए जाने वाले प्रभारियों की संपत्ति की जांच कर नियमानुसार संपत्ति निलामी (कुर्की) कर वसूली की कार्यवाही करने के निर्देश उप पंजीयक को दिए। संयुक्त टीम की रिपोर्ट में बताया गया है कि खाद्य, सहकारी विपणन, उप पंजीयक सहकारी संस्था एवं ज़िला सहकारी केंद्रीय बैंक के संयुक्त टीम द्वारा जिले के 108 धान उपार्जन केन्द्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। इसके अलावा अन्य और समितियां है, जहां धान की कमी पाई गई है, ऐसे समितियों की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

## अनदेखी: इस साल भी समस्या खड़ी करेगा पंडरिया का हरिनाला

# बजट में शामिल होने के बाद भी नहीं बना हरिनाला पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा/पंडरिया

कांग्रेस शासनकाल के बजट में विधानसभा पंडरिया मुख्यालय स्थित हरिनाला में उच्च गुणवत्ता के पुल निर्माण का प्रावधान किया गया था। इस प्रावधान के बाद तात्कालिक पंडरिया विधायक ने इसका जमकर श्रेय भी लिया था और अपनी इस उपलब्धि का जमकर गुणगान भी कराया था। जिसे देखकर माना तो यही जा रहा था कि बस अब कुछ ही दिनो में पंडरिया हरिनाला में उच्च गुणवत्ता वाला पुल बनकर तैयार हो जाएगा और पंडरिया सहित समूचे जिले को हर साल वर्षाकाल के दौरान हरिनाला में आने वाली बाढ़ की गंभीर समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि कांग्रेस शासनकाल में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और अब तो कांग्रेस की सरकार भी प्रदेश की सत्ता से बेदखल हो चुकी गई है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार भी वर्षाकाल के दौरान पंडरिया नगर का हरिनाला लोगों के लिए समस्या खड़ी करेगा ही। हां अगर आने वाले वर्षों में मौजूदा भाजपा सरकार इस और ध्यान देकर हरिनाला में पुल निर्माण करा दे तो अलग बात है। लेकिन यह मांग कोई नई नहीं है। कांग्रेस शासनकाल के पूर्व प्रदेश की सत्ता में 15 वर्षो तक काबिज रही भाजपा सरकार के कार्यकाल में भी क्षेत्रवासियों द्वारा अपनी इस वर्षो पुरानी मांग को पुरजोर ढंग से उठाया गया था लेकिन उस दौरान भी भाजपा सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में अब मौजूदा भाजपा सरकार और भाजपा इस मांग को कितनी तबज्जों देती है यह तो आने वाले वक्त में ही पता चलेगा। लेकिन फिलहाल इतना तय है कि सीधे कवर्धा को पंडरिया, बिलासपुर, कोरबा, मध्यप्रदेश से जोड़ने वाले इस चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले मार्ग में पंडरिया नगर के भीतर स्थित हरिनाला की बाढ़ वर्षाकाल दौरान इस बार भी कई बार मार्ग को बाधित कर सकती है।

### हर साल नाले में कई बार आती है बाढ़


फाईल फोटो

यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा-बिलासपुर मार्ग में नगर पंचायत पंडरिया स्थित हरिनाला में बनी पुलिया इतनी कम ऊंचाई की है कि इसमें हर साल वर्षाकाल के दौरान कई-कई बार बाढ़ आ जाती है। आलम ये है कि कई बार तो पंडरिया नगर में बारिश भले न हो लेकिन अंचल के पहाड़ी तथा वनांचल ईलाकों में बारिश होने पर भी यहां बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है। जिससे चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाला यह मार्ग बंद हो जाता है। यहीं वजह है कि इस नाले में उच्च गुणवत्ता के पुल निर्माण की मांग वर्षो की जा रही है।

# घटना के तीन दिन बाद भी नहीं सुलझी अज्ञात महिला के हत्या की गुत्थी

- न तो मृतका की पहचान हो पाई और न ही आरोपियों का कोई सुराग मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र में बीते रविवार को अज्ञात लोगों द्वारा की गई अज्ञात महिला की हत्या की गुत्थी घटना के तीन रोज बाद भी नहीं सुलझ पाई है। हत्या की गुत्थी सुलझना तो दूर अभी तक न तो मृतका की पहचान हो पाई है और न ही हत्यारों का ही कोई सुराग मिल पाया है। हालांकि कुकदुर पुलिस हत्या के इस सनसनीखेज मामले को सुलझाने और आरोपियों को दबोचने जी जान से जुटी हुई है लेकिन अभी तक उसे सफलता नहीं मिल पाई है। उल्लेखनीय है कि बीते रविवार को स्थानीय लोगों ने जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र के बिरैनबाह से सरैहा जाने वाले रास्ते में एक अज्ञात महिला का शव पड़ा देखा। लेकिन दहशत और पुलिस के झमेले में पडऩे के डर से किसी ने भी इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी और रविवार को पूरे दिन और पूरी रात शव सड़क के किनारे लावारिश हालत में पड़ा रहा। सोमवार को भी आने जाने वाले लोग महिला के शव को पड़ा देखते रहे लेकिन कोई भी इसकी सूचना पुलिस को देने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। लेकिन दो दिनो से पड़े महिला के शव की चर्चा अब तक पूरे क्षेत्र में फैल चुकी थी और किसी के माध्यम से बात कुकदुर पुलिस तक भी पहुंच चुकी थी। जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। महिला के शव की स्थिति और घटना स्थल की परिस्थियों को देखते हुए प्रथम दृष्टया ही यह प्रतीत हो रहा है कि किसी ने महिला की बड़ी बेरहमी से हत्या की है और महिला की पहचान छिपाने की नियत से उसके सिर को कुचल दिया था। पुलिस ने भी इसे हत्या मानते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। लेकिन अभी तक न तो मृतका की पहचान हो पाई है और न ही आरोपियों का कोई सुराग मिल पाया है। इस संबंध में कुकदुर पुलिस ने बताया कि उसके द्वारा लगातार महिला ही पहचान के लिए पड़ोसी जिलों से लेकर कबीरधाम जिले के थानो में संपर्क किया गया है। इसके अलावा टीम लगातार लोगों से पूछताछ कर रही है।

# दिनभर चटख धूप, शाम को मौसम सुहाना, उमस भरी गर्मी से लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जाते-जाते ग्रीष्म ऋतु लोगों पर ऐसा सितम ढा रही है कि इन दिनो लोगों का हाल बेहाल है। बदले मौसम के बीच शाम के समय प्रायः हर रोज आसामान में छाने वाली बदली, हल्की-तेज बारिश और चलने वाली ठंडी हवा लोगों को जितना सुकून दे रही है उतनी ही यातना लोगों को पूरे दिन भुगतनी पड़ रही है। मौसम के इस मिजाज का असर जहां लोगों की दिनचर्या पर पड़ रहा है वहीं उनकी सेहद पर भी इसके विपरीत प्रभाव देखे जा रहे हैं। गौरतलब है कि ग्रीष्म ऋतु की अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और जल्द ही मानसून दस्तख देने वाला है। लेकिन ग्रीष्म ऋतु और मानसून के बीच का यह फासला लोगों पर भारी पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इन दिनों कवर्धा नगर सहित अंचल के मौसम ने अपनी दिनचर्या कुछ इस तरह सेट कर ली है कि दिनभर चटख धूप खिली होती है तथा शाम ढलते-ढलते अचानक आसमान में काले बादल छा जाते हैं और तेज हवा के साथ कई बार बारिश भी शुरू हो जाती है। ऐसे में शाम के समय तो बदला मौसम लोगों को काफी सुकून देता है, लेकिन दूसरे दिन जैसे ही सूरज की तीखी किरण जमीन पर पड़ती है बारिश के पानी की नमी भाप बनकर लोगों के लिए मुसीबत कड़ी कर देती है। लोग दिनभर उमस भरी चिपचिपी गर्मी से हलाकान रहते हैं। इस बेचेन कर देनी वाली गर्मी व मौसम की असमानता का लोगों की सेहद पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता दिख रहा है और लोगों में सर्दी, बुखार, हांथ, पैर में दर्द जैसी शिकायत बढ़ रही है। इस तरह की शिकायत सार्वधिक छोटे बच्चों व बुजुर्गो में देखने को मिल रही है। जानकारों का मानना है कि अब जब तक मानसून पूरी तरह सक्रिय नहीं हो जाता लोगों को ऐसी ही परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। संभवतः यही वजह है कि अब लोग बड़ी बेसर्बी से मानसून के आने का इंतजार कर रहे हैं।

# कुर्मी समाज के दौलत राम कश्यप बने संयुक्त सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



देश कुर्मी समाज के केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक मुख्यालय जरागांव में गत दिनो आयोजित की गई। इस बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सर्व सहमति से समाज के संयुक्त सचिव के लिए दौलत राम कश्यप का चुनाव किया है। समाज ने उनके द्वारा दो दशक से अधिक समय से जमीनी स्तर पर किए गए समाज सेवा के कार्य को देखते हुए संयुक्त सचिव बनाया गया है। बैठक में दौलत राम ने कुर्मी समाज को कैसे आगे बढ़ाना है उसके लिए कार्य योजना प्रस्तुत की। जिसमें आने वाले समय में समाज के समझ चुनौतियां, कठिनाइयां एवं समाज की सक्रिय भागीदारी कैसे हो तथा सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीति रूप कैसे मजबूत हो इस पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में समाज के लोगों ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सक्रिय, कर्मठ एवं लगनशील युवा संयुक्त सचिव से समाज आगे बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि दौलत राम कश्यप समाज सेवा के क्षेत्र में विगत 28 वर्ष से सक्रियता पूर्वक विभिन्न मुद्दों जिसमें पंचायती राज, बाल अधिकार, महिला सशक्तिकरण, आजीविका तथा सामुदायिक गतिशीलता के रूप में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिला कबीरधाम, मुंगेली, खैरागढ़, छुईखदान, राजनांदगांव, बिलासपुर, रायपुर में कार्यरत हैं। वे अभी आस्था समिति के अध्यक्ष हैं।

# वन मंडल कवर्धा कौशल विकास के लिए युवाओं को दे रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा



वन मंडल के वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा के ग्राम जूनवानी में संयुक्त वन प्रबंधन के अंतर्गत वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले युवाओं को रोजगार के नए साधन, कौशल, शिक्षा को सृजित करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से वन मंडल कवर्धा के वन मंडल अधिकारी शशि कुमार के मार्गदर्शन में दो पहिया वाहन रिपेयरिंग प्रशिक्षण व महिला सिलाई एवं मेकरम प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ किया गया है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर दो पहिया वाहन प्रशिक्षण में 30 युवाओं ने और सिलाई कढ़ाई एवं मेकरम वर्क प्रशिक्षण में 30 युवतियों ने पंजीयन कराया। वन मंडल के इस प्रयास के प्रति ग्रामीण वनांचल के युवाओं में कौशल उन्नयन हेतु खासा रुझान दिखाई दे रहा है। युवाओं को प्रशिक्षण देने का कार्य अग्रणी स्किल डेवलपमेंट सोसाइटी शिवनी के द्वारा किया जा रहा है। अग्रणी स्किल डे व ल प में ट सोसाइटी शिवनी के फाउंडर अनुज सक्सेना ने बताया की उनकी टीम न केवल युवाओं को प्रशिक्षण देने का कार्य करेगी अपितु उनके अच्छे प्लेसमेंट हेतु भी प्रयास करेगी। वन मंडल कवर्धा के इस प्रयास से कौशल प्राप्त युवाओं को स्वयं का रोजगार उत्पन्न करने में सहायता होगी एवं वे आत्मनिर्भर बन पाएंगे।

## सुविधाओं के आभाव में प्रतिभा कहीं खो ना जाए, इस लिए शुरु की निःशुल्क एकेडमीः यदु

# पुलिस भर्ती के लिए तपती धूप में पसीना बहा रहे ग्रामीण युवा



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

प्रदेश में जब से पुलिस भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है तब से पुलिस बनने की चाह रखने वाले युवा वर्दी पहनने का सपना संजोए हुए हैं और वे अपने इस सपने को साकार करने के लिए बीते कई महिनो से लगा विपरीत मौसम में भी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। एक जानकारी के मुताबिक पुलिस भर्ती के लिए तकरीबन 7 लाख युवाओं ने फॉर्म भरा है। जिसमें कबीरधाम जिले के युवा भी भी अपनी किस्मत आजमाने हजारों की संख्या में तैयारी कर रहे हैं। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में सुविधाओं के साथ युवा अपनी तैयारी कर रहे हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्र के सक्षम अभिभावक अपनें बच्चों को शहरों में भेजकर तैयारी करवा रहे हैं मगर ऐसे बच्चे जिनके अभिभावक अपने बच्चों को शहर भेजने में सक्षम नहीं उनके लिए तैयारी करना बेहद कठिन हो जाता है। इस बात को समझते हुए पंडरिया जनपद पंचायत के सभापति अश्वनी यदु ने अपनें क्षेत्र के युवाओं को गांव में ही बेहतर सुविधा तथा भर्ती प्रशिक्षण देने की शानदार पहल की है। उन्होने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए मां भारती एकेडमी के नाम से फिजिकल एवं रिटन की तैयारी के लिए ट्रेनिंग सेंटर प्रारंभ कर बेहतर सुविधा उपल्बध कराई है जो ग्रामीण क्षेत्र में अपनी तरह की पहला एकेडमी हैं। जिसमें युवाओं को सभी प्रकार का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जा रहा है। केवल हर माह रिटन टेस्ट के लिए 20 रूपए प्रतिमाह लिए जाते हैं जिससे अभियर्थी के लिए प्रश्न पत्र ओएमआर शीट की व्यवस्ता की जाती है। इस ऐकेडमी में हर माह लिखित टेस्ट तथा फिजिकल टेस्ट लिया जाता है।

### कई प्रशिक्षक दे रहे हैं निःशुल्क सेवाएं

इस निःशुल्क एकेडमी में सुबह 5.00 बजे क्लास प्रारंभ हो जाती है। जिसमें चौकी दामापुर के पुलिस जवान नंदलाल राठौर मुफ्त में सेवा देते हुए युवाओं को प्रत्येक दिन पढ़ाई कराते हैं वहीं निंगापुर निवासी भानू चंद्रवंशी जो पूर्व में दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर चुके हैं उनके द्वारा भी रिटन की तैयारियां करवाई जा रही है। फिजिकल की जिम्मेदारी पुलिस जवान ओम प्रकाश धुर्वे ने अपने कंधों पर ली है। श्री धुर्वे द्वारा प्रतिदिन पूरी लगन के साथ युवाओं को फिजिकल टेस्ट की तैयारी करवाई जाती है। इस एकेडमी में क्षेत्र के लगभग 30-40 गांव के 70 से 80 युवा एवं युवतियां तैयारी कर रहे हैं।

## हादसा...



**स.लोहारा।** सहसपुर लोहारा से 2 किलो मीटर दूर कवर्धा मार्ग पर बुधवार की सुबह जबरदस्त सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें कवर्धा की ओर से आ रही ट्रक की टक्कर राजनादगांव की ओर से जा रही ट्रक से हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में दोनो ट्रक के चालक और परिचालक तो बाल-बाल बच गए लेकिन ट्रकों के परखच्चे उड़ गए।